देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समाचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
© 7014997449, 9636058201
Email: deshkadarpannews@gmail.com
web: www.deshkadarpannews.com

वर्ष-5, अंक:173 | जयपुर, गुरुवार, 04 सितम्बर 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

# बीमार व्यक्ति की सेवा मेरे लिए राजनीति से ऊपर : शिवराज सिंह चौहान


एजेंसी
**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में मेरे पास स्वेच्छानुदान एक बड़ा माध्यम था लोगों की मदद के लिए। जब भी किसी मरीज को ज्यादा पैसों की जरूरत होती थी, तो मैंने किसी से मांगकर भी उसकी व्यवस्था कराई। बीमार व्यक्ति की सेवा मेरे लिए राजनीति से ऊपर है। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा, खासकर इलाज के समय, हर जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता का नैतिक कर्तव्य है। शिवराज ने कहा कि चाहे कोई बूथ स्तर का कार्यकर्ता हो या गांव का सामान्य निवासी, अगर वह संकट में है, तो उसकी मदद करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री शिवराज राजधानी भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में 'सांसद खेल महोत्सव' के आयोजन के लिए विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और नेताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जनसेवा, विशेषकर बीमारों की मदद को अपनी प्राथमिकता बताया। इस बैठक में मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक रमाकांत भार्गव, हरि सिंह सप्रे, हरि सिंह रघुवंशी, आशीष शर्मा समेत सीहोर और रायसेन जिलों के भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिवराज ने सभी कार्यकर्ताओं से जनसेवा को ही अपना सबसे बड़ा उद्देश्य मानने का आह्वान किया। केंद्रीय ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री



था, तो स्वेच्छानुदान मेरे पास एक बड़ा साधन था। लेकिन अब भी जब जरूरत पड़ी और इलाज के लिए ज्यादा पैसे लगे, तो मैंने किसी से मांगकर भी व्यवस्था कराई। मेरा मानना है कि किसी भी हालत में मरीज का इलाज रुकना नहीं चाहिए, चाहे कुछ भी करना पड़े। केंद्रीय कृषि मंत्री ने आगे कहा कि हमारा परम कर्तव्य है कि यदि हमारे संसदीय क्षेत्र में कोई गंभीर रूप से बीमार है और इलाज कराने में असमर्थ है, तो हम उसे हर हाल में इलाज दिलाएं। ऐसा कभी न हो कि कोई यह कहे कि काश मेरे पास पैसे होते तो हम पूरी ताकत से उसकी मदद में लगेंगे और उसे बचाएंगे। बैठक के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने एक प्रेरक घटना सुनाई। उन्होंने कहा कि मैं आपको एक छोटी सी लेकिन बहुत प्रेरक घटना बताता हूं। भेरुंदा या लाड़कुई मंडल के सुकरवास गांव में महेन्द्र मेहरा नाम के 15-16 साल के एक बच्चे का एक्सीडेंट हो गया। उसके पिता बेहद गरीब थे। उस वक्त मैं दिल्ली और कर्नाटक के दौरों पर था। जब बच्चे को अस्पताल में भर्ती किया गया, तो इलाज का बिल 5 लाख से ज्यादा हो गया।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता शिव कारण राणा झारखंड में बने जिला एवं सत्र न्यायाधीश

एजेंसी
**रांची/चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के अधिवक्ता शिव कारण राणा को झारखंड में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस संबंध में झारखंड हाई कोर्ट की ओर से आधिकारिक अधिसूचना जारी



कर दी गई है। शिव कारण राणा ने न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता हासिल कर यह मुकाम पाया है। वह इससे पहले चंडीगढ़ जिला न्यायालय में कार्यरत थे और अपनी मेहनत, लगन और निष्ठा के लिए जाने जाते रहे हैं। कानून के क्षेत्र में लगातार परिश्रम और समर्पण के बल पर मिली इस उपलब्धि को आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है।

## पवन खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा पर दो वोटर आईडी रखने का आरोप

**• अमित मालवीय ने की जांच की मांग**

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के बाद उनकी पत्नी कोटा नीलिमा दो वोटर आईडी को लेकर विवादों में आ गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया है कि तेलंगाना के खैरताबाद से चुनाव लड़ने वाली नीलिमा के पास दो सक्रिय मतदाता पहचान पत्र हैं। मालवीय ने चुनाव आयोग से इसकी जांच करने की मांग की है।

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मतदाता सूची शेयर करते हुए आरोप लगाया कि कोटा नीलिमा का नाम खैरताबाद और नई दिल्ली, दोनों जगहों की वोटर लिस्ट में दर्ज है। उनके मुताबिक, नीलिमा ने 2023 में दाखिल शपथपत्र में अपने खैरताबाद



स्थित ऐपिक नंबर टीजीजेड2666014 का उल्लेख किया था, जो 2025 तक भी सक्रिय है। यह ऐपिक 'गफ्फर खान कॉलोनी रोड नं. 10' पते पर पंजीकृत था, जो अब 'गौरी शंकर नगर वेलफेयर एसोसिएशन' पते पर दर्ज है।इसके साथ ही मालवीय ने यह भी दावा किया कि कोटा नीलिमा के पास एक और एपिक नंबर (एसजेई0755975) है, जिसमें नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के काका नगर इलाके का पता दर्ज है। इस एपिक में नाम 'के. नीलिमा' लिखा है और पति के नाम में पवन खेड़ा का उल्लेख है। अमित मालवीय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी के कई नेता'वोट चोरी' में लिप्त हैं और खुद को ईमानदार दिखाते हुए आम नागरिकों पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वे प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिना पर्याप्त जांच के आम वोटरों की पहचान उजागर कर उन्हें खतरे में डालते हैं, जबकि अपनी पार्टी के नेताओं की कथित गड़बड़ियों पर चुप्पी साधे रहते हैं।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा, 'राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बिना किसी उचित जांच-पड़ताल के ईमानदार मतदाताओं को निशाना बनाया और उन्हें बदनाम किया, यहां तक कि बिना सहमति के उनकी पहचान उजागर करके उन्हें खतरे में डाल दिया। उन्होंने युवा, तरक्की की राह पर अग्रसर पेशेवरों और बेहतर अवसरों की तलाश में शहर बदलने वाले गरीब दिहाड़ी मजदूरों की पहचान उजागर की।

## गणेश विसर्जन करने जा रहे ग्रामीणों को बोलेरो ने रौंदा, 3 की मौत, कई घायल


एजेंसी
**जशपुर /रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में रात गणेश विसर्जन करने जा रहे ग्रामीणों को बोलेरो वाहन ने रौंद दिया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बगीचा अस्पताल ले जाया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों को अम्बिकापुर रेफर कर दिया गया है। ग्रामीण बगीचा थाने के जुरूडांड़ गणेश विसर्जन के लिए जा रहे थे। गणेश विसर्जन में शामिल प्रत्यक्षदर्शियों के



मुताबिक, बोलेरो वाहन रायकेरा की ओर से आ रही थी और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर सीधे भीड़ में जा घुसी। हादसे के समय 100 से अधिक लोग विसर्जन जुलूस में शामिल थे, जो गणपति प्रतिमा के साथ तालाब की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से लोग गिर पड़े और कई लोग वाहन के नीचे दब गए। इससे वहां अफरातफरी मच गई। हादसे में अरविंद (19 वर्ष), विपिन कुमार प्रजापति (17 वर्ष), खिरोवती यादव (32 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। वाहन में सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू अभियान शुरू कर घायलों को बगीचा अस्पताल लाया गया। जहां मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल अंबिकापुर रेफर किया गया।

## रायपुर सहित दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में ईडी की छापेमारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुबह से कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आज सुबह कृषि से संबंधित कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी गई है। रायपुर में 8 से 10 अलग-अलग स्थानों पर यह छापेमारी चल रही



है। ईडी की इस कार्रवाई में सशस्त्र बल के साथ 8 से 10 अधिकारी हैं। सूत्रों के अनुसार, रायपुर के शंकर नगर में कारोबारी विनय गर्ग के आवास, महावीर नगर एवं अमलीडीह-विस्टा कॉलोनी में ईडी की टीम कार्रवाई कर रही है। भिलाई में अन्न भूमि लिमिटेड के डायरेक्टर शिव कुमार मोदी के यहां ईडी के अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार विक्रेताओं, ठेकेदारों और कथित बिचौलियों के कम से कम 18 परिसरों पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि छत्तीसगढ़ के बीज निगम के माध्यम से डीएमएफ निधि की राशि का दुरुपयोग किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में राहत कार्यों को मिलेगी मजबूती, हरियाणा सरकार ने दिए 5 करोड़ रुपए

एजेंसी
**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से उत्पन्न हुए हालात के बीच एक राहत भरी खबर सामने आई है। हरियाणा सरकार ने संकट की इस घड़ी में मदद का हाथ बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस योगदान के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताते हुए एक 'एक्स' पोस्ट किया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रुपए का उदार सहयोग देने के लिए हरियाणा सरकार का धन्यवाद। यह सहयोग जम्मू-कश्मीर में जारी राहत और पुनर्वास कार्यों को नई गति देगा।' यह आर्थिक सहायता ऐसे समय में आई है जब जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में अभूतपूर्व बारिश और बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। इस सहयोग से राहत शिविरों, क्षतिग्रस्त इन्फ्रास्ट्रक्चर की मरम्मत और प्रभावित परिवारों की मदद के कार्यों को बल मिलेगा। बारिश की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जम्मू संभाग के कई जिलों में लगातार बारिश के



चलते जलभराव और भूस्खलन जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

वहीं, पूर्व डीजीपी और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी शेष पॉल वैद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जनता से सतर्क रहने और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में लिखा, 'जम्मू भारी बारिश से बुरी तरह प्रभावित है। जिले दर जिले लगातार बारिश हो रही है। कृपया स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें।' हरियाणा सरकार द्वारा दी गई 5 करोड़ रुपए की सहायता से जम्मू-कश्मीर प्रशासन को राहत कार्यों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी।

## सिंगापुर के पीएम वोंग ने वित्त मंत्री सीतारमण से की मुलाकात

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। यह मुलाकात नई दिल्ली में हुई, जहां दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के बीच रिश्तों को और मजबूत करने पर बातचीत की। इस बातचीत का मकसद व्यापार, निवेश, डिजिटल तकनीक, कौशल विकास, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी और पर्यावरण जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना था। इस दौरान दोनों नेताओं ने इन सभी क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया। बता दें कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की यह भारत की



पहली आधिकारिक यात्रा है। उनकी यह यात्रा भारत-सिंगापुर राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के मौके पर हो रही है। बैठक में सिंगापुर की ओर से उनके साथ कार्यवाहक परिवहन मंत्री जेफरी सिओ और विदेश मामलों की राज्य मंत्री गान सिओ हुआंग भी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय ने बताया कि यह मुलाकात दोनों देशों के बीच गहरे और भरोसेमंद संबंधों की पुष्टि करती है।

**सिंगापुर के पीएम ने सीतारमण से मुलाकात पर जताई खुशी**

इसके साथ ही सिंगापुर के प्रधानमंत्री वोंग ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीतारमण से मुलाकात को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि उन्हें वित्त मंत्री सीतारमण से दोबारा मिलकर खुशी हुई। उन्होंने हाल ही में हुए भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के नतीजों और सीमा पार डेटा और पूंजी बाजारों में सहयोग पर चर्चा की।

## दवा और क्लीनिकल ट्रायल नियम में होगा संशोधन, सरल होगी प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** दवा और क्लीनिकल रिसर्च क्षेत्र में नियामक अनुपालन को सरल बनाने और कारोबार की सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय न्यू ड्रग्स एंड क्लीनिकल ट्रायल्स रूल्स, 2019 में संशोधन करने जा रहा है। प्रस्तावित संशोधन 28 अगस्त 2025 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किए गए थे और इस पर जनता से सुझाव मांगे गए हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य टेस्ट लाइसेंस और बायोअवेलेबिलिटी/बायोइक्विवेलेंस (बीए/बीइ) स्टडी से संबंधित आवेदनों की प्रक्रिया को सरल बनाना है। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इस नए नियमों में आवेदकों को अब लाइसेंस (कुछ उच्च जोखिम वाली श्रेणी की दवाओं को छोड़कर) के लिए प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि केवल केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को सूचित करना होगा। साथ ही, टेस्ट लाइसेंस आवेदन की कुल वैधानिक प्रोसेसिंग अवधि को 90 दिनों से घटाकर 45 दिन कर दिया गया है। इसके साथ बायोअवेलेबिलिटी/बायोइक्विवेलेंस की कुछ श्रेणियों के लिए मौजूदा लाइसेंस की आवश्यकता समाप्त कर दी जाएगी।

## 'उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया', बेंगलुरु भगदड़ पर विराट कोहली

एजेंसी
**बेंगलुरु ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इसी साल 3 जून को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब अपने नाम किया। अगले दिन विक्ट्री परेड का आयोजन था, लेकिन फैंस के बीच मची भगदड़ में 11 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इस मामले पर आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का बयान सामने आया है। विराट कोहली के बयान को आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया है, जिसमें कोहली ने कहा, 'जिंदगी में कुछ भी आपको 4 जून जैसे दिल टूटने के लिए तैयार नहीं करता। जो



हमारी फ्रेंचाइजी के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया।

उन्होंने कहा, 'मैं उन लोगों के परिवारों के बारे में सोच रहा हूं और उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया। उन फैंस के बारे में सोच रहा हूं, जो घायल हुए। आपका नुकसान अब हमारी कहानी का हिस्सा है। हम साथ मिलकर सम्मान और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेंगे।' इस हादसे में 11 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी, जबकि 33 लोग घायल हुए थे। फ्रेंचाइजी भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों को आरसीबी केयर्स के जरिए 25 लाख रुपए देने का ऐलान कर चुकी है। मामले को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिए गए थे। घटना के बाद से अब तक बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला गया है। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के कुछ मुकाबले यहां खेले जाने थे, लेकिन अब उन्हें मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकेडमी में कराने का फैसला लिया गया है।

## यमुना का जलस्तर बढ़ा, उत्तर रेलवे ने कई ट्रेनें रद्द और डायवर्ट कीं

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी पर बने लोहे के पुल को रेल यातायात के लिए बंद कर दिया गया है, क्योंकि यमुना नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। उत्तर रेलवे ने ऐसे में कई ट्रेनें रद्द और डायवर्ट कर दी हैं। इससे दिल्ली आने-जाने वाली कई ट्रेन सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। उत्तर रेलवे ने एक बयान में कहा कि यमुना ब्रिज संख्या 249 (पुराना लोहे का पुल) का जलस्तर 206.10 मीटर से ऊपर पहुंच जाने के कारण कई ट्रेनों को रद्द, मार्ग परिवर्तित, शॉर्ट-टर्मिनेट और शॉर्ट-ओरिजिनेट किया गया है। रेलवे ने बताया कि 2 सितंबर को सहारनपुर-दिल्ली (74024), गाज़ियाबाद-दिल्ली (64445, 64407), दिल्ली-शामली (74023) और



दिल्ली-गाज़ियाबाद (64412) सहित कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। इसके अलावा, अलीगढ़-दिल्ली (64151), दनकौर-दिल्ली (64107), कासिमपुर खेड़ी-दिल्ली (64092), सहारनपुर-दिल्ली (64028), शामली-दिल्ली (64024) और दिल्ली-अलीगढ़ (64102) जैसी गाड़ियों को आंशिक रूप से समाप्त या प्रारंभ किया गया है। गाज़ियाबाद से दिल्ली आ रही कई ट्रेनों को साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-हजरत निजामुद्दीन या नई दिल्ली मार्ग से डायवर्ट किया गया है। इनमें गाज़ियाबाद-पलवल (64906), गाज़ियाबाद-नई दिल्ली (64409), मुरादाबाद-दिल्ली (54307), दिल्ली-हाथरस किला (64582) और दिल्ली-बरेली (54076) शामिल हैं। उत्तर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा से पहले ट्रेन की अद्यतन स्थिति जानने के लिए एनटीईएस ऐप या 139 हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करें।

## 'बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज का एलान करे सरकार', राहुल गांधी की पीएम मोदी से अपील

**नई दिल्ली।** देश में भारी बारिश ने इन दिनों तबाही मचाई हुई है। कई राज्य बाढ़ की चपेट में हैं। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की अपील की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बाढ़ प्रभावित राज्यों पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए तत्काल विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया।

**राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने की अपील**

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा, 'मोदी जी, बाढ़ ने पंजाब में भारी तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। ऐसे मुश्किल



समय में आपके इस तरफ ध्यान देने और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद की बेहद जरूरत है। हजारों परिवार अपने घर, जिंदगी और अपनों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं।' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, 'मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों, खासकर किसानों के लिए तत्काल एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए।' राहुल गांधी ने एक वीडियो संदेश भी जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा 'लोगों को अपने परिवारों को बचाने के लिए संघर्ष करते देखना दुखद है। मोदी जी, लोगों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। इन लोगों की सुरक्षा के लिए तुरंत एक विशेष राहत पैकेज तैयार करें।'

**भारी बारिश से मैदानी इलाकों में भी बाढ़**

पिछले कुछ हफ्तों से देश के कई हिस्सों में लगातार बादल फटने और बाढ़ की खबरें आ रही हैं। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में भी भारी बारिश ने बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। उफनती नदियों ने कई इलाकों को जलमग्न कर दिया है, रेल और सड़क यातायात को ठप कर दिया है और स्कूलों को बंद करना पड़ा है।

**भीषण बाढ़ से जूझ रहा पंजाब**

साल 1988 के बाद पंजाब सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। सतलुज, व्यास और रावी नदियां और मौसमी छोटी नदियां भारी बारिश के कारण उफान पर हैं। पंजाब के 12 जिले बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें अब तक 29 लोगों की जान जा चुकी है और 2.56 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में बादल फटने की घटनाएं हुई हैं और लगातार बारिश भी जारी है। इससे उपजे हालात में सैंकड़ों लोग मारे गए हैं। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण दो महिलाओं की मौत हो गई। राज्य में 1,000 से ज़्यादा सड़कें बंद हो गई हैं। राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अमृतसर से 23 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई

**अमृतसर, 03 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
**पंजाब के स्वास्थ्य** मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज अजनाला के बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अमृतसर मेडिकल कॉलेज से 23 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वे बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं और आपात स्थिति को देखते हुए लोगों के समुचित स्वास्थ्य देखभाल के लिए ये एम्बुलेंस स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए भेजी गई हैं। उन्होंने कहा कि इन एम्बुलेंस में तैनात मेडिकल टीमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगी और दवाइयाँ उपलब्ध कराएँगी।



उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कठिन समय में लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा करें ताकि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विभाग ने अजनाला के उप-मंडल अस्पताल में मेडिकल टीमें तैनात की हैं। उन्होंने आशा वर्करों और नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को भी इस मुश्किल घड़ी में घर-घर पहुँचकर लोगों को जरूरी सेवाएँ मुहैया कराने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अजनाला हलके के विधायक और पूर्व मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल भी मौजूद थे। उन्हें विभिन्न गाँवों की स्थिति और जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्रीडॉ. बलबीर सिंह बेदी छन्ना गाँव पहुँचे और गाँव के गुरुद्वारा साहिब में जाकर मेडिकल कैंप का निरीक्षण किया और लोगों को राहत सामग्री भी बाँटी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हर संभव मदद मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि डेंगू, चिकनगुनिया और त्वचा रोगों जैसी जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को ओआरएस और क्लोरीन की गोलियाँ लगातार बाँटी जा रही हैं।

लोगों से अपील करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि साँप के काटने पर तुरंत एम्बुलेंस बुलाएँ और पीड़ित को अस्पताल पहुँचाएँ। उन्होंने कहा कि साँप के काटने का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि साँप के काटने वाली जगह को न काटें और न ही मुँह से जहर निकालने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि खुद कोई दवा न लें। उन्होंने कहा कि बाढ़ के पानी में जाने से बचें और रात में टॉर्च का इस्तेमाल करें। अपने घर और आस-पास की सफाई बनाए रखें और घरेलू सामान को व्यवस्थित रखें।

## उपायुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित चिकित्सा शिविरों का निरीक्षण किया

**अमृतसर, 03 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
रावी नदी में आई बाढ़ से प्रभावित अजनाला और रमदास क्षेत्रों में लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित 11 विशेष चिकित्सा शिविरों का निरीक्षण करते हुए, उपायुक्त अमृतसर श्रीमती साक्षी साहनी ने कहा कि इन चिकित्सा शिविरों में 24 घंटे पेशेवर डॉक्टरों की टीमें तैनात हैं और ये शिविर इस तरह से स्थापित किए गए हैं कि किसी भी गाँव के व्यक्ति के लिए आना आसान हो और उसे शिविर तक पहुँचने में कम से कम समय लगे। उन्होंने कहा कि इन चिकित्सा शिविरों में सभी प्रकार का उपचार और दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी और साँप के काटने का भी इन चिकित्सा शिविरों में इलाज किया जाएगा। चिकित्सा शिविरों का निरीक्षण करते हुए, उपायुक्त ने डॉक्टरों से कहा कि वे पूरी निष्ठा से अपना कर्तव्य निभाएँ। उन्होंने प्रत्येक चिकित्सा शिविर में उपलब्ध दवाओं की भी समीक्षा की और स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा कि किसी भी प्रकार की दवा की कमी न हो।

## जनजाति बालिका छात्रावासों में रात्रि में वार्डन के अनुपस्थित रहने पर होगी कार्रवाई - जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री

**जयपुर, 3 सितम्बर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि जनजाति बालिका छात्रावासों में सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि के समय वार्डन के रहने के सख्त निर्देश हैं। इसके अलावा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चौकीदार की व्यवस्था का प्रावधान रहता है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि बालिका छात्रावासों में रात्रि के समय वार्डन के अनुपस्थित रहने की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र उदयपुर ग्रामीण के जनजाति छात्रावासों में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अन्य अनियमितताओं के सम्बन्ध में पारदर्शिता लाने के लिए बंद पड़ी बायोमेट्रिक मशीन को पुनः क्रियाशील करने का प्रयास किया जाएगा।

## अंता विधानसभा उप चुनाव की तैयारियां शुरू-

**जयपुर, 3 सितंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी बारां की अध्यक्षता में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी उप चुनाव के दृष्टिगत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 193-अंता में अर्हता 1 जुलाई 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी, बारां द्वारा अर्हता दिनांक 01.07.2025 के संदर्भ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई जिसके तहत दिनांक 03.09.2025 को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मीडिया की उपस्थिति में मतदाता सूची की प्रति की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सीडी एवं पेनड्राइव में उपलब्ध करवाई जाकर प्राप्ति रसीद प्राप्त की गई।

## स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे

**जयपुर, 03 सितम्बर।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर ने विधानसभा में बुधवार को कहा कि प्रदेश में फिलहाल आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इस योजना की क्रियान्विति की प्रक्रिया 21 मार्च 2022 को पूर्ववर्ती सरकार के समय कैबिनेट के अनुमोदन के साथ शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के टेंडर आमंत्रित करने का काम भी पूर्ववर्ती सरकार के समय ही प्रारंभ हुआ। हमारी सरकार ने तो इस योजना को आगे बढ़ाने का काम किया है। श्री नागर प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय ही स्मार्ट मीटर के 10 पैकेजों के टेंडर 16 जनवरी, 2023 को आमंत्रित किए गए थे। स्मार्ट मीटर कोई थोपी हुई योजना नहीं है। देश में जिन राज्यों ने इसे स्वीकार नहीं किया वहां स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जा रहे। यदि पूर्ववर्ती सरकार नहीं चाहती तो इसे कैबिनेट से स्वीकार नही करती और प्रदेश में स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जा सकते थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षक होंगे सम्मानित

**जयपुर, 03 सितम्बर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह-2025, 5 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह नोडल अधिकारी और स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक श्रीमती मंजू शर्मा ने बताया कि समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण, नवाचार और विद्यार्थियों के समग्र विकास में अतुलनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षकों को शॉल, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जायेंगे। समारोह की पूर्व संध्या पर 4 सितम्बर को सांय 6 बजे बिड़ला सभागार में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न शिक्षक प्रतिभागी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। श्रीमती शर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर, विभाग के निदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## जीएसटी प्रणाली में सुधारात्मक उपायों से राज्यों की राजस्व प्राप्ति सुदृढ़ होगी- उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री



**जयपुर, 3 सितंबर।** नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 56 वीं बैठक में देश भर की कर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितकारी बनाने पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। बैठक में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य मंत्री श्री के.के. विश्नोई ने प्रदेश के पक्ष को मजबूती से रखते हुए बताया कि बैठक में विशेष रूप से इस पक्ष पर चर्चा की गई कि किस तरह से जीएसटी प्रणाली को कारोबारियों और आम नागरिकों के लिए सहज और व्यवस्थित बनाया जाए साथ ही कर दरों में आवश्यकतानुसार संशोधन, छूट एवं रियायतें, छोटे व्यापारियों को राहत देने के उपाय, तथा तकनीकी माध्यमों से ईमानदार करदाताओं को सुविधा और पारदर्शिता प्रदान करने पर भी बल दिया गया। उद्योग राज्य मंत्री ने बताया कि जीएसटी प्रणाली में आगामी सुधारात्मक कदमों से न केवल कर प्रणाली में जटिलताओं की कमी होगी, बल्कि राज्य सरकारों की राजस्व प्राप्ति भी सुदृढ़ होगी, जिससे आमजन को अधिकाधिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जीएसटी जैसी ऐतिहासिक कर प्रणाली ने देशभर की अर्थव्यवस्था को एक राष्ट्र, एक कर की दिशा में मजबूती दी है। जीएसटी के कारण न केवल व्यापार करने की प्रक्रिया सरल हुई है, बल्कि राज्यों की वित्तीय स्थिति भी मजबूत हुई है।

## पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के विशेषज्ञों ने साझा किया विजन, आगामी आयोजन की रूपरेखा पर हुई चर्चा,

**जयपुर, 3 सितम्बर।** फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और राजस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 2025 के पाँचवें संस्करण की स्टेकहोल्डर्स मीट का भव्य आयोजन आईटीसी राजपूताना, जयपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री राजेश यादव तथा राजस्थान पर्यटन विभाग, आयुक्त श्रीमती रूक्मणि रियार रहे। कार्यक्रम में श्री अपूर्व कुमार, पूर्व अध्यक्ष, एफएचटीआर, श्री कुलदीप सिंह चंदेला, अध्यक्ष, एफएचटीआर, श्री सुरेन्द्र एस. शाहपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एफएचटीआर, सीए वीरेंद्र एस. शेखावत, महासचिव, एफएचटीआर आदि गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े अनेक विशेषज्ञों, इंडस्ट्री लीडर्स और संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2025 की दिशा, स्वरूप और पर्यटन उद्योग के लिए इसके महत्व पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री राजेश यादव ने कहा कि भारत में पर्यटन की अद्भुत अनुभूति राजस्थान में हमेशा से रही है और आगे भी बनी रहेगी। 2023-24 के आँकड़ों के अनुसार, राजस्थान घरेलू और विदेशी पर्यटकों की पसंद में पाँचवें स्थान पर है, जहाँ दोनों श्रेणियों में राज्य का हिस्सा 7-8 प्रतिशत है। राज्य सरकार ने आतिथ्य क्षेत्र के लिए विशेष योजनाएँ भी लागू की हैं। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्मारकों के साथ ही अब पर्यटन में नई सम्भावनाओं के भी द्वार खुल रहें हैं। आज का पर्यटक ऐतिहासिक स्मारकों से आगे अनुभव आधारित पर्यटन को भी एक्सप्लोर करना चाहता है। उन्होंने कहा कि अब हमें पर्यटन के नए डेस्टिनेशन को विकसित करने की ओर आगे बढ़ाना होगा। राज्य सरकार नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ढांचागत सुविधाएं विकसित करने प्रतिबद्धता से काम कर रही हैं। राज्य सरकार की ओर से पर्यटन के क्षेत्र में एक हजार करोड़ रुपयों के कार्य किये जा रहें हैं। सरकार पांच वर्षों में पांच हजार करोड रुपये पर्यटन विकास खर्च कर राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने हेतु कार्य कर रही है।

## वर्षा प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर जुटा प्रशासन

जयपुर, **03 सितम्बर। जय**पुर जिले में विगत दिनों हुई लगातार बारिश से कई क्षेत्रों में जलभराव और जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी मिशन आपदा प्रबंधन की सघन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश जारी किये है कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलक्टर के निर्देश पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और राजस्व अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है। ये अधिकारी फील्ड में जाकर स्थिति का आकलन कर रहे हैं और मौके पर ही आवश्यक कदम उठा रहे हैं। साथ ही आवश्यकता अनुसार नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों को भी लगाया गया है। राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए जेसीबी मशीनें, पंप सेट और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

## "अभ्युदय की ओर" पुस्तक की प्रति भेंट की मुख्यमंत्री ने राज्यपाल श्री बागडे से की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर, 3 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों की राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुईं। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शर्मा को अपने एक वर्ष के कार्यकाल के आलोक में प्रकाशित पुस्तक "अभ्युदय की ओर" की प्रति भी भेंट की।

## राजस्थान कोचिंग सेन्टर (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित,

**जयपुर, 3 सितम्बर। राज**स्थान कोचिंग सेन्टर (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 विधानसभा में बुधवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। इयये पहले उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि यह केवल कानून नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा यह विधेयक लाखों अभ्यर्थियों व उनके अभिभावकों से सीधा जुड़ा है। डॉ. बैरवा ने सदन में कोचिंग विधेयक पर चर्चा के बाद कहा कि पहले संशोधन में कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण के लिए न्यूनतम विद्यार्थियों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 की गई है ताकि छोटे व असंगठित कोचिंग सेंटर अपनी सुविधाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध करा सकेंगे। दूसरे संशोधन में कोचिंग संस्थाओं द्वारा अनियमितता करने पर शास्ति को 2 लाख रुपए से घटाकर 50 हजार रुपए तथा द्वितीय बार में 5 लाख रुपए से घटाकर 2 लाख रुपए की गई। इसके बाद भी उल्लंघन जारी रहने पर पंजीकरण रद्द करने का प्रावधान किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संतुलन और न्याय में विश्वास रखती है। इसका प्रमाण यह विधेयक है।

## अजनाला बाढ़ पीड़ितों का हालचाल लेने आए राज्यपाल के समक्ष धालीवाल ने केंद्र से 2000 करोड़ रुपये का पैकेज जारी करने की मांग उठाई

**अमृतसर/अजनाला, 03 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
राज्यपाल पंजाब श्री गुलाब चंद कटारिया आज शाम खराब मौसम में बारिश के बावजूद अजनाला हलके के रावी नदी और सक्की नाले में आई भयानक बाढ़ का जायजा लेने और गांव चम्यारी में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए राहत शिविर में प्रभावित लोगों से बातचीत करने के लिए मौके पर पहुंचे। इस अवसर पर, प्रभावित लोगों और प्रशासनिक और सैन्य अधिकारियों सहित गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी के साथ आयोजित एक अनौपचारिक बैठक में, हलका विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री पंजाब स. कुलदीप सिंह धालीवाल



ने पिछले 7 दिनों से बाढ़ के प्राकृतिक प्रकोप से पीड़ित हलके के निवासियों की दुख भरी कहानी पेश की। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक स. धालीवाल ने पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया का औपचारिक स्वागत करते हुए कहा कि अजनाला हलके के निवासी आपकी नेकनीयती, दूरदर्शिता और पंजाब को नशा मुक्त बनाने सहित अन्य सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए आपके सच्चे आंदोलन के कारण आपका भव्य स्वागत करना चाहते थे। लेकिन बाढ़ से हुई अंधाधुंध तबाही को देखते हुए, उनके (स. धालीवाल) सहित हलके के निवासी केवल औपचारिक रूप से आपका स्वागत कर पा रहे हैं। विधायक स. धालीवाल ने बाढ़ से प्रभावित हलके के निवासियों की ओर से पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया का स्वागत किया। उन्होंने निवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि 49 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा और अजनाला विधानसभा क्षेत्र के निकट स्थित होने के कारण इस अंतरराष्ट्रीय सीमा के लोगों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय रावी नदी का पानी सूखने से परेशानी उठानी पड़ती है। बीएसएफ के बाद इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण व अर्ध-शहरी नागरिक पड़ोसी देश पाकिस्तान की भारत विरोधी साजिशों, नशीले पदार्थों, हथियारों व ड्रोन के माध्यम से घुसपैठ आदि को विफल करने के लिए बीएसएफ, पंजाब पुलिस व नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। और अतीत में 1965, 1971, 1999 के कारगिल युद्धों तथा हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी ये सीमावर्ती लोग पड़ोसी देश पाकिस्तान की साजिशों को विफल करने के लिए बीएसएफ जवानों के साथ एक मजबूत चट्टान की तरह खड़े रहे।

# पंजाब के राज्यपाल ने अमृतसर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया

**अमृतसर, 03 सितंबरः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने आज शाम अमृतसर जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया, जिसमें अजनाला विधानसभा क्षेत्र के माकोवाल और चम्यारी गाँव शामिल हैं। उन्होंने चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। माकोवाल स्थित आर्मी बेस कैंप में, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने राज्यपाल को रावी नदी के किनारे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे बचाव अभियानों की जानकारी दी, जहाँ कई गाँवों में जल स्तर 8-10 फीट तक बढ़ गया था। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और



स्थानीय निवासियों के सक्रिय सहयोग से लगभग 4,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है, जिनमें से 250 लोगों को हेलीकॉप्टरों के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है।

सेना ने राज्यपाल को भारी ड्रोन, एआईटीओआर वाहनों और नावों की तैनाती के बारे में जानकारी दी, जो ऑपरेशन राहत के सफल क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध हुए। उन्होंने अमृतसर की उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी और एसएसपी (ग्रामीण) श्री मनिंदर सिंह के समन्वय और निरंतर प्रयासों से बचाई गई सैकड़ों लोगों की जान का विशेष उल्लेख किया।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए, राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि असली चुनौती बाढ़ के पानी के कम होने के बाद शुरू होगी, क्योंकि तब पुनर्वास, फसल और संपत्ति के नुकसान का आकलन और समय पर मुआवजा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने जल जनित रोगों के प्रसार को रोकने के लिए अधिकतम स्थानों पर चिकित्सा दल तैनात करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया और प्रशासन को प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को साँप के काटने से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

## निशानची' का ट्रेलर जारी.......19 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म......!

अमेजन स्टूडियोज इंडिया और डायरेक्टर अनुराग कश्यप की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'निशानची' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। 'निशानची' का ट्रेलर दर्शकों को सीधे उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर की चहल-पहल भरी गलियों में ले जाता है, जहाँ बबलू निशानची, रंगीली रिंकू और डबलू की ज़िंदगियाँ अचानक अनोखे तरीके से आपस में टकराती हैं। जबरदस्त पीछा करने वाले सीन, सीटी बजवाने वाले डायलॉग, जोरदार टकराव और प्यार व तड़प के नाजुक पलों के साथ यह एक ऐसी दुनिया रचता है, जो जितनी अव्यवस्थित है उतनी ही आकर्षक भी है। रोमांच, कॉमेडी और देसी अंदाज से भरपूर इस ट्रेलर में विद्रोह, रोमांस और प्रतिद्वंद्विता को समान रूप से दशार्या गया है। यह ट्रेलर दर्शकों को एक्शन और ड्रामा का एक हाई-ऑक्टेन मिक्स देगा। अजय राय और रंजन सिंह के प्रोडक्शन हाउस 'जार पिक्चर्स' के बैनर तले बनी यह फिल्म, फ्लिप फिल्म्स के साथ एसोसिएशन में बनाई गई है। फिल्म की कथा, पटकथा और संवाद प्रसून मिश्रा, रंजन चंदेल और अनुराग कश्यप ने मिलकर लिखा है। फिल्म में डेब्यू कर रहे ऐश्वर्य ठाकरे डबल रोल में नजर आएंगे। 'निशानची' की कहानी दो जुडवा भाइयों बबलू और डबलू की रोमांचक ज़िंदगी पर आधारित है, जो एक-दूसरे की तरह दिखते तो हैं लेकिन उनके विचार और मान्यताएँ बिल्कुल अलग हैं। इस फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे के अलावा वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## विभिन्न क्षेत्रों में विकास एवं सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु वित्तीय सहमति-

## नगरीय विकास एवं अभियांत्रिकी संवर्ग में नवीन पद सृजित

**जयपुर, 3 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाओं एवं सेवाओं का निरंतर रूप से विस्तार कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशन में सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को ह्यराजधारा 2.0ह्य स्थापित करने के लिए 35 करोड रुपये एवं आईएचआरएमएस, आईएफएमएस के आईटी प्लेटफार्म एवं आईटी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए 85 करोड़ रुपये की वित्तीय सहमति प्रदान की गई है। इसके साथ ही राज्य में विकास कार्यों को बढ़ावा देने हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग को 80 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नॉन- पेचेबल/ मिसिंग लिंक सड़कों हेतु 1 हजार 405 कार्यों के लिए 885.09 करोड़ रुपये एवं 112 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नॉन -पेचेबल/ मिसिंग लिंक सड़कों हेतु 2 हजार 214 है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना के टेंडर प्रीमियम के विभिन्न प्रकरणों के कार्योदेश हेतु सिस्टम, हेड रेगुलेटर एवं अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण के कार्य के लिए 1145.09 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी करने की सहमति प्रदान की गई है।

## एम्स की तर्ज पर जयपुर में बनेगा सुपर स्पेशियलिटी राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान

**जयपुर, 3 सितम्बर। राजस्था**न विधानसभा में बुधवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित किया गया। इससे पहले विधेयक पर चर्चा के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) की स्थापना से राजस्थान उन्नत चिकित्सा सेवाओं में अग्रणी बनेगा और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साईंसेज (आरयूएचएस) का उन्नयन कर 40 एकड़ क्षेत्र में राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की स्थापना की जाएगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की तर्ज पर रिम्स में विश्वस्तरीय और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इसकी स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा समुचित बजट प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश में अति विशिष्ट चिकित्सा उपचार को नया आयाम मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो, इसकी सुनिश्चिता की जा रही है। इसी दिशा में रिम्स अगले 2 साल में तैयार हो जाएगा। रिम्स में राजकीय योजनाओं में पात्र मरीजों को निःशुल्क उपचार मिलेगा। इससे अन्य राजकीय चिकित्सालयों का भी भार कम होगा। रिम्स एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करेगा। विधेयक के अनुसार, राज्य सरकार विश्वविद्यालय के घटक या उसके द्वारा स्थापित किसी महाविद्यालय को सरकारी महाविद्यालय घोषित कर सकेगी।

देश का दर्पण
जयपुर, गुरूवार
04.09.2025



# कैथल में शस्त्र लाइसेंस सेवाओं की फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी पर बवाल

**कैथल (कृष्ण प्रजापति): जिला कैथल में सरल सेवाओं** से जुड़े शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी सेवाओं की फीस में अचानक की गई कई गुना (अंदाजा 20 से 40 गुणा तक) बढ़ोतरी को लेकर आम लोगों में रोष व्याप्त हो गया है। इस मामले पर स्थानीय नागरिकों ने उपायुक्त कैथल प्रीति को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज करवाई और तुरंत पुनर्विचार करने की मांग की है।



उपायुक्त कार्यालय से दिनांक 20 अगस्त 2025 को पत्र क्रमांक 431-438/उक्ळर/डळछ जारी हुआ था। इसके तहत नवीनीकरण, ऐडिशनल, एंडोर्समेंट, परवाना परिशोधन आदि सेवाओं के लिए पहले जहाँ 600 रुपए शुल्क लिया जाता था, अब उसे बढ़ाकर 10 हजार रुपए और 20 हजार रुपए कर दिया गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह बढ़ोतरी न केवल असंगत और अव्यावहारिक है बल्कि संवैधानिक प्रावधानों का भी उल्लंघन है।

**नागरिकों का तर्क : संवैधानिक अधिकारों का हनन**

नागरिकों ने अपने ज्ञापन में कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 हर नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। लाइसेंस बनवाना या नवीनीकरण करवाना भी इसी अधिकार से जुड़ा हुआ विषय है। शुल्क में 20 से 40 गुना तक की बढ़ोतरी करना सीधे तौर पर नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार से वंचित करना है।

**वैध नागरिकों पर बोझ, अपराधियों को लाभ**

नागरिकों ने यह भी तर्क दिया कि जो लोग कानून का पालन करते हैं और वैध लाइसेंस बनवाते हैं, उन्हीं पर इतना अत्यधिक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। वहीं अपराधी या अवैध गतिविधियों में शामिल लोग ऐसे शुल्कों से पूरी तरह अप्रभावित रहते हैं। इससे ईमानदार नागरिकों के साथ सीधा अन्याय हो रहा है।

ज्ञापन में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा 28 अप्रैल 2014 को दिए गए आदेश का भी उल्लेख किया गया है। में माननीय न्यायमूर्ति डॉ. डी.वाई. चंद्रचूड़ एवं न्यायमूर्ति दिलीप गुप्ता ने स्पष्ट कहा था कि किसी भी प्रकार का शुल्क/शुल्क राशि, जो विधि द्वारा अधिकृत न हो, जिला मजिस्ट्रेट अथवा अन्य अधिकारी वसूल नहीं कर सकते।

**लोगों की मांग : तुरंत वापसी हो फीस वृद्धि**

नागरिकों ने कहा कि फीस वृद्धि पूरी तरह से असंवैधानिक और अनुचित है। उन्होंने उपायुक्त प्रीति से गुहार लगाई कि इस आदेश को तुरंत वापस लिया जाए और आमजन को राहत प्रदान की जाए। यदि समय रहते फीस वृद्धि पर पुनर्विचार नहीं हुआ तो लोग सामूहिक रूप से विरोध करने को मजबूर होंगे।

**एसडीएम बोले : आमजन भी शस्त्र लाइसेंस बनवाने के लिए हो गया था तैयार, भीड़ को रोकने के लिए बढ़ाई फीस**

उधर जब इस मामले को लेकर कैथल उपायुक्त प्रीति से संपर्क किया गया तो पहले तो उन्होंने मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया परंतु बार-बार सवाल किए जाने पर उन्होंने कैथल एसडीएम अजय कुमार को इसका जवाब देने के लिए कहा, जिस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आमजन भी शस्त्र लाइसेंस बनवाने हेतु आवेदन करने लगे थे जिसके कारण शस्त्र लाइसेंस आवेदकों की संख्या बढ़ गई थी

जिसको लेकर डीसी ने 8 अगस्त 2025 को मीटिंग लेकर इस फीस को बढ़ाने का फैसला लिया है।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बारौली में चोरों ने ताले तोड़े



**देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना**

**भरतपुर....**भुसावर थाना क्षेत्र के गांव बारौली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने स्कूल के 6 कमरों के ताले तोड़े। आलमारियों को नुकसान पहुंचाया और महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को खुर्द-बुर्द कर दिया। प्रिंसिपल लक्ष्मण सिंह भंडारी ने बताया कि घटना 3 सितंबर बुधवार की है। जब वे स्कूल पहुंचे तो प्रिंसिपल रूम, परीक्षा केंद्र रूम समेत कई कमरों के ताले और कुंडियां टूटी मिलीं। कमरों में रखी आलमारियां क्षतिग्रस्त थीं। चोर प्रिंटर और नकदी भी चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही भुसावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रिंसिपल भंडारी ने पुलिस और उच्च अधिकारियों को भी इस चोरी की जानकारी दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राजस्थान सीनियर गर्ल्स फुटबॉल टीम का हुआ कीट विमोचन



**सुरज वर्मा**

भीलवाडा ज़िले में राजस्थान फुटबाल संघ व जिला फुटबाल संघ भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे 10 दिवसीय सीनियर गर्ल्स फुटबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर का आज समापन किया गया समापन समारोह में मुख्य अतिथि हमीरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष रेखा पडियार वही विशिष्ट अतिथि वीटी इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल शैलेंद्र मिश्रा वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन विशिष्ट विश्नोई ने की सभी अतिथियों द्वारा राजस्थान टीम की दोनों जर्सियों का विमोचन किया गया संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिए राजस्थान के सभी जिलों में से 22 खिलाड़ियों का चयन किया गया हे जो कि 8 सितंबर से होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगियों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कुणाल कुमार जगदीश बुनकर महिमा विश्नोई शालिनी कोच रहे समापन समारोह में दीपक खींची लोकेंद्र सिंह शंकर लाल जीनगर सुजल केशव सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे

## सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा: देते हुए खारवाल समाज पदाधिकारी गणो का हिरण बाजार के स्थानीय दुकानदारो ने किया स्वागत

**सुरज वर्मा**

पाटनपोल एरिया के हिरण बाजार स्थित खारवाल खारोल समाज के भगवान श्री गिरधारी नाथ जी के मंदिर पर डोल एकादशी के अवसर पर अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना संकीर्तन के साथ मंदिर में विराजमान विग्रहों को नगर भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर हिरण बाजार के स्थानीय दुकानदार मुन्ना भाई, बुंदू भाई खरादी, हाफिज भाई, अन्नू भाई, अमीन भाई, मतीन भाई, अंसार कुरैशी सहित नजमा अम्मा आदि ने समाज के संभागीय अध्यक्ष- सत्यनारायण खारवाल, संरक्षक-रामरतन खारवाल,



महामंत्री- रामू खारवाल, युवा संगठन जिला अध्यक्ष- निर्मल खारोल सदस्य- घनश्याम खारवाल, महेंद्र खारोल, जीतू खारवाल आदि समाज संगठन के पदाधिकारीयो सहित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते हुए कौमी एकता की मिसाल कायम कर आपसी सहयोग को बढ़ावा दिया और हिरण बाजार के स्थानीय दुकानदारो ने समाज के मंदिर पर धार्मिक- सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के वक्त बाजार मे जगह देकर सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

# भीलवाडा ज़िले में बड़े हर्षोल्लास से देवझूलनी एकादशी पर चारभुजा नाथ एवं बाबा रामदेव निकले भ्रमण पे

**सुरज वर्मा**

**भीलवाडा** ज़िले में रायला क्षेत्र के गांगलास व फुलिया कलां उपखंड और बासेड़ा पंचायत में में एकादशी बुधवार को देवझूलनी के अवसर पर विभिन्न समाजों द्वारा ठाकुरजी की रेवाड़ियां निकाली गई रेवाड़ियां में ढोल नगाड़ों डिजे के साथ शोभायात्रा के साथ धर्म तालाब पहुंचेगी,जहां भगवान का स्नान कराकर पुनः मंदिरों में स्थापित किया जाएगा। रेवाड़ियां राजपूत समाज,ब्राह्मण समाज,सुवालका समाज, गुर्जर समाज वैष्णव समाज, कुम्हार समाज लुहार, सेन,सुथार, रेगर, बलाई, धाकड़ सभी समाजों के द्वारा निकाली गई रेवड़ियां चारभुजा मंदिर होते हुए बालाजी मंदिर, शिव जी



मंदिर,बाबा सत्ती माता मंदिर,चामुंडा माता मंदिर रामदेव मंदिरों की हर गली मोहल्ले में भ्रमण करने के बाद पुनः मंदिर पहुंची।चारभुजा नाथ मंदिर के पुजारी कैलाश चंद्र वैष्णव एवं जगदीश दास वैष्णव बाबा रामदेव मंदिर के पुजारी ने बबलु रेगर बताया कि धर्म तालाब पर स्नान करने के बाद बेवान समेत बाबा रामदेव जी व ठाकुर जी पुनः मंदिर पहुंची ?वह महाआरती की ।इस अवसर पर मनीष कुमार सुवालका, नवरत्न शर्मा, महेन्द्र शर्मा, भवर लाल तिवारी, मनीष शर्मा विष्णु शर्मा , पवन सेन, राजेश सेन, शिव बारलाल, सुरेश वैष्णव,गोपाल गुर्जर, महावीर सुथार, रुपलाल सुवालका, घिसु गुर्जर , शंकर दास मोहन लुहार अमर सिंह, गोपाल जोशी,मागु दास बग्सु गुर्जर, हनुमान सिंह, शिवराज जोशी,पुरण वैष्णव, हरफुल वैष्णव, कमलेश गुर्जर, नारायण वैष्णव, नारायण सिंह, इसी तरह बाबा रामदेव मंदिर की ओर से मेघा रेगर , मिटु लाल , रतनलाल रेगर, प्यारा रेगर, महावीर रेगर, बंसीलाल, राजूलाल, बैणा लाल नानू, सुरेश, चुन्नीलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे

धार्मिक मान्यता देवशयनी एकादशी से भगवान श्रीहरि विष्णु के चार माह के निद्राकाल (चातुर्मास) की शुरूआत होती है। इस अवधि में विवाह सहित सभी मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं।

# सिसवन प्रखंड के बाबा महेंद्रनाथ सरोवर की बदहाली: धार्मिक आस्था और पर्यावरण खतरे में

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान जिले के सिसवन प्रखंड में स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर से सटा हुआ ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का सरोवर इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्थानीय निवासी और श्रद्धालु प्रयाग कुमार द्वारा दायर एक परिवाद ने इस गंभीर समस्या को उजागर किया है। परिवाद में कहा गया है कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र यह सरोवर अत्यधिक प्रदूषण के कारण पूरी तरह से अनुपयोगी हो गया है, जिससे न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं, बल्कि स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। यह सरोवर बाबा महेंद्रनाथ मंदिर के बिल्कुल बगल में स्थित है और प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में लाखों श्रद्धालु इसी सरोवर के जल से बाबा का जलाभिषेक करते हैं। लेकिन, वर्तमान में सरोवर की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इसका पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है, जिससे न केवल जल बल्कि इसके आस-पास का वातावरण भी दूषित हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर न तो सरकार और न ही जिला प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है। परिवाद के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिसवन को नोटिस जारी किया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत राज रामगढ़ के मुखिया ने पोखरे के सौंदर्यीकरण के लिए जिला पदाधिकारी, सिवान को पत्र लिखा है। साथ ही पर्यटन विभाग से भी इस विषय पर चर्चा की गई है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई है।

प्रतिवेदन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह पोखरा लगभग 200 बीघा में फैला हुआ है, और इसका जीर्णोद्धार पंचायत स्तर पर संभव नहीं है। इससे यह साफ हो जाता है कि यह मामला अब पर्यटन विभाग के पाले में है और इस पवित्र सरोवर के जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग की पहल का इंतजार है।

समाधान की आवश्यकता

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। परिवाद में कुछ महत्वपूर्ण उपाय सुझाए गए हैं:

तत्काल सफाई: सरोवर से गाद, कचरा और अन्य प्रदूषक तत्वों को हटाकर इसकी तत्काल सफाई की जाए।

* जल शुद्धिकरण: वैज्ञानिक विधियों का उपयोग कर सरोवर के जल को शुद्ध किया जाए।
* संरक्षण: भविष्य में प्रदूषण को रोकने के लिए सरोवर के चारों ओर बाड़ लगाई जाए और इसके नियमित रखरखाव के लिए एक स्थायी तंत्र स्थापित किया जाए।

# अमेरिका भिजवाने के नाम पर 6.30 लाख रुपये ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार, 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी आस्था मोदी के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही अमेरिका भेजने के नाम पर करीब 6.30 लाख रुपए ठगी करने के मामले की जांच आर्थिक अपराध



शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रोहताश की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव मानस निवासी सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। मायापुरी कॉलोनी कैथल निवासी ज्योति की शिकायत अनुसार वह विदेश जाना चाहती थी। इस संबंध में 14 फरवरी 2024 को उसके पिता राजेश कुमार के साथ उन्होंने गांव मानस के सुरेश कुमार, उसकी पत्नी तथा उसके बेटे दिनेश के साथ बातचीत की। तीनों ने मिलकर उसे अमेरिका भिजवाने की बात कही तथा 16 लाख 50 हजार रुपए में उनका सौदा तय हो गया। आरोपियों ने कहा कि उसे 6.50 लाख रुपये पहले देने होंगे व 10 लाख रुपये अमेरिका जाने के बाद देने होंगे। गत 15 फरवरी 2024 को सुरेश कुमार उनके घर पर आया तथा उसे कहा कि जल्द ही उनका काम बन जाएगा।

## हेड कांस्टेबल ने सरकारी क्वार्टर में लगाई फांसी..

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार .राकेश कोठेनिया हलेना**

रूपबास (भरतपुर) कुछ दिन पहले ही बयाना से स्थानांतरण होकर आया था रुपवास पुलिस थाने, हेड कांस्टेबल का नाम बदन सिंह, ने फांसी को लगाया गले सूचना पर एएसपी व डीएसपी मौके पर, अभी शव को नहीं उतारा गया है नीचे, हेड कांस्टेबल के सुसाइड के कारणों का अभी नहीं हो सका है खुलासा, घटना से रुपवास थाने में मचा हड़कप । फांसी किस कारण से लगाईअभी पुलिस लगी है जांच में ।

## कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने शुरू की हेल्पलाइन सेवा

**कैथल (कृष्ण प्रजापति): कु**रुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने जनता की समस्याओं और सुझावों को सीधे अपने तक पहुँचाने के लिए एक नई पहल की है। सांसद जिंदल ने हेल्पलाइन नंबर 9896090009 जारी किया है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी हर समस्या, शिकायत या सुझाव सीधे उनके कार्यालय तक पहुँचा सकेंगे। सांसद जिंदल ने कहा कि उनका संकल्प है कि क्षेत्र की हर आवाज उन तक पहुँचे और हर समस्या का समाधान समय पर हो। आपकी समस्या, हमारी जिम्मेदारी की सोच के साथ शुरू की गई यह हेल्पलाइन जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम बनेगी।

## एपीआरओ रोहित मित्तल का गेल इंडिया में चयन, साथियों ने दी भावुक विदाई।

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया )3 सितम्बर।**

**जिला** सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय धौलपुर में कार्यरत सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, एपीआरओ रोहित मित्तल के गेल इण्डिया, नई दिल्ली में सीनियर ऑफिसर कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन पद पर चयन होने पर बुधवार को कार्यालय के सूचना केंद्र में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



रोहित मित्तल वर्ष 2022 में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से चयनित हुए थे और अपने बैच के टॉपर रहे थे। बीते तीन वर्षों में उन्होंने जिला स्तर पर मीडिया प्रबंधन, प्रशासनिक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार, सूचना संप्रेषण व्यवस्था और सरकारी योजनाओं की जन-जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विदाई समारोह में सहायक निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजकुमार मीणा ने रोहित मित्तल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मित्तल ने विभाग को उत्कृष्ट सेवाएँ दी हैं। उनकी कार्यशैली और समर्पण भाव आने वाले अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

## सभी सूचकांकों में सतत सुधार करने के लिए दिए आवश्यक निर्देश,

## आशान्वित जिला कार्यक्रम एवं आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित



**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 3 सितम्बर।**

नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम, आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि नीति आयोग के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्य कार्यक्रम लागू होने के बाद आकांक्षी जिलों में आमूल-चूल बदलाव आए हैं। आकांक्षी जिलों में भी सामान्य जिलों की भांति हर क्षेत्र में विकास और सुविधाओं का मूलभूत विस्तार हुआ है। मनरेगा के तहत वृक्षारोपण के कार्यां को भी प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के मंशा के अनुरूप हर घर स्वच्छ जल पहुंचे, इस उद्देश्य से जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन किया जाये। उन्होंने संबंधित जिला स्तरीय एवं आशान्वित ब्लॉक बसेड़ी के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ आशान्वित जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों के इंडिकेटर्स की प्रगति पर चर्चा की। जिला कलक्टर ने कम प्रगति वाले संकेतकों में आगामी माह में सुधार किए जाने हेतु भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी सूचकांकों में सतत सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के सूचकांकों की गहन एवं बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने प्रसव पूर्व जांच, आंगनबाड़ियों एवं विद्यालयों में पेयजल के साथ-साथ फंक्शनल टॉयलेट, संस्थागत प्रसव, रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच, 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर इत्यादि पर विशेष बल दिया एवं सभी इंडिकेटर्स पर सतत सुधार हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सभी सूचकांकों में सतत सुधार करने के लिए दिए आवश्यक निर्देश



**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 3 सितम्बर।**

**नीति** आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम, आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि नीति आयोग के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्य कार्यक्रम लागू होने के बाद आकांक्षी जिलों में आमूल-चूल बदलाव आए हैं। आकांक्षी जिलों में भी सामान्य जिलों की भांति हर क्षेत्र में विकास और सुविधाओं का मूलभूत विस्तार हुआ है। मनरेगा के तहत वृक्षारोपण के कार्यां को भी प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के मंशा के अनुरूप हर घर स्वच्छ जल पहुंचे, इस उद्देश्य से जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन किया जाये। उन्होंने संबंधित जिला स्तरीय एवं आशान्वित ब्लॉक बसेड़ी के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ आशान्वित जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों के इंडिकेटर्स की प्रगति पर चर्चा की। जिला कलक्टर ने कम प्रगति वाले संकेतकों में आगामी माह में सुधार किए जाने हेतु भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी सूचकांकों में सतत सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के सूचकांकों की गहन एवं बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने प्रसव पूर्व जांच, आंगनबाड़ियों एवं विद्यालयों में पेयजल के साथ-साथ फंक्शनल टॉयलेट, संस्थागत प्रसव, रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच, 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर इत्यादि पर विशेष बल दिया एवं सभी इंडिकेटर्स पर सतत सुधार हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में चला साइबर जागरूकता अभियान।

**देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 3 सितंबर।**

**जिला** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में आज जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम और नागरिकों को सतर्क करने के लिए एक दिवसीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिले के सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।अभियान का उद्देश्य पुलिस एवं आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग करना और उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रखना है। जिला पुलिस अधीक्षक ने सन्देश दिया कि साइबर अपराध आधुनिक युग की चुनौती है।

जागरूकता ही इसका प्रभावी समाधान है। आप सभी आमजन से अपील है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। अभियान के दौरान थानों की पुलिस टीमों ने सोशल मीडिया, ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। विद्यार्थियों और नागरिकों को साइबर अपराध की पहचान और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर पोर्टल के बारे में आमजन व विद्यार्थियों से जानकारी साझा की गई। साइबर सुरक्षा को लेकर सुझाव भी दिए गए। विद्यार्थियों को बताया गया कि अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचें, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर दें। डिजिटल युग में साइबर अपराध के लगातार बदलते स्वरूप के बीच फिशिंग, व्हाट्सएप हैकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, ओटीपी फ्रॉड और रिमोट एक्सेस ऐप के माध्यम से ठगी, लॉटरी, गिफ्ट स्कैम, ई-कॉमर्स धोखाधड़ी, ईमेल हैकिंग जैसे मामले बढ़ रहे हैं।

देश का दर्पण
जयपुर, गुरुवार
04.09.2025


# डी.जे. मशीनों एवं डी.जे. की चोरी करने वाले शातिर अन्तर-जिला गिरोह का पदार्फाश कर गिरोह के मुख्य सरगना रोशन एवं गिरोह के अन्य सदस्य कानाराम को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि परिवादी श्री प्रधान राम रैगर पुत्र श्री नारायण लाल जाति रैगर उम्र 45 साल निवासी प्रतापपुरा थाना फुलेरा जिला जयपुर ने दिनांक 19:06.2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि अज्ञात मुल्जिमान द्वारा मुस्तगीस के डीजे की मशीन व सामान चुरा कर ले गये। आदि रिपोर्ट पर थाना फुलेरा पर प्रकरण संख्या 131/2025 धारा 303 (2) बीएनएस मे दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण में अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर माल मशरूका बरामद करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक श्री अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा श्री चन्द्रप्रकाश पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुये चोरी की वारदात करने वाले अज्ञात आरोपियों की पहचान कर डी.जे. मशीने चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना रोशन जाट व गिरोह के अन्य सदस्य कानाराम को डिटेन कर पूछताछ



की तो आरोपीगणो ने थाना सांभरलेक सामोद, गोविन्दगढ़, हरमाडा, दौसा, रींगस में डी.जे. मशीने व वाहन चोरी करने की एक दर्जन वारदातो को अंजाम देना स्वीकार किया, जिस पर आरोपीगणो को गिरफ्तार
कर चोरी की गई 04 डी.जे. मशीनें बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। गिरोह के मुख्य सरगना रोशन जाट के विरूद्ध थाना गोविन्द्रगढ, कालाडेरा, फागी, रेनवाल मांजी व कालवाड में भी डी.जे. मशीन चोरी के 06 मामले दर्ज है। आरोपीगणो को पीसी रिमाण्ड पर लिया जाकर अनुसंधान जारी है।

## छोटे संगठित अपराध करने वाले बावरिया गैंग का खुलासा कर चार शातिर बदमाशों को किया गिरफतार

**देश का दर्पण न्यूज**



पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि परिवादी श्री जफरुद्दीन ने दर्ज करवाया कि मैं अपनी एक जमीन आमेर में बेच कर आया था जिसके रुपये 1,50,000/ रुपये अपने साथ वापस लेकर अपने घर जा रहा था। मैं सिंधीकैम्प के प्लेटफार्म नं. 05 से गांव जाने के लिये टिकट लेकर बस में बैठ रहा था तब ही भीड में 4-5 आदमियों का एक गिरोह मेरे से बार बार टकरा रहे थे ओर जब में अपनी सीट पर बैठ रहा था उसी दौरान इस गिरोह के सदस्यों मे मेरी जेब में रखी थैली समेत 1,50,000 रुपये अक्षरे डेड लाख रुपये मेरी जेब काट कर चोरी कर लिये और ये सभी व्यक्ति बस से उतर कर भग गये तब मुझे शक होने पर मैंने मेरी जेब में रखे रुपये देखे तो नहीं मिले मुझे शक है कि ये लोग गिरोह बनाकर मेरे रुपये चोरी कर लिये। अत रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन है कि मेरी जेब से चोरी किये गये 1,50,000 रुपये कि रिपोर्ट दर्ज कर रुपये वापस दिलाने की कृपा करे। आदि पर अभियोग संख्या 137/2025 धारा 303 (2), 112(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभकिया गया।
प्रकरण हाजा की घटना की गंभीरता को देखते हुए श्री आलोक सिंघल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम एवं श्री धर्मवीर सिहं सहायक पुलिस आयुक्त सदर जयपुर पश्चिम के निकट सुपरविजन में श्री श्याम सुन्दर शर्मा उप.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना सिंधीकैम्प जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में थाना सिंधीकैम्प पर विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कडी मेहनत, लगातार अथक प्रयासों एवं सीसीटीवी फुटेज आसूचना संकलन से प्रकरण हाजा में मुल्जिमान बबलू, गंगाराम, सुशील कुमार, रामकुमार को गिरफतार करने में सफलता हासिल की। गिरफतारशुदा मुल्जिमान के कब्जे से प्रकरण में वांछित माल मशरूका के प्रयास जारी हैं। मुल्जिमानो के विरूद्ध अलग अलग थानों में कई दर्जनों प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। मुल्जिमानों से अन्य वारदातों के बारे में गहनता से अनुसंधान जारी हैं।

## ग्राम पंचायत प्यौदा में चला सफाई अभियान, ग्रामीणों ने दिखाई सहभागिता

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):**




गांव प्यौदा में आज ग्राम पंचायत द्वारा विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुरेश राविश रविश एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनु टांक के आदेशों की पालना में चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम सचिव सुनील गोयत की देखरेख में किया गया। अभियान के दौरान सरपंच प्रतिनिधि बलराम, पंच केशा राम सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे और उन्होंने स्वच्छता कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी की। गांव की गलियों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। साथ ही, लोगों को यह संदेश भी दिया गया कि स्वच्छता सिर्फ सरकारी प्रयासों से नहीं बल्कि सभी ग्रामवासियों की जिम्मेदारी से ही संभव है।
गांव के लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में समझाते हुए बताया गया कि साफ-सफाई से न केवल बीमारियों से बचाव होता है बल्कि गांव का वातावरण भी सुंदर और स्वस्थ बनता है। ग्रामीणों ने भी इस अवसर पर संकल्प लिया कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को हमेशा साफ-सुथरा रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। गांव में आयोजित इस सफाई अभियान की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए ताकि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाया जा सके और गांवों को साफ-सुथरा वातावरण मिल सके।

## करोडो की फिरोती मांगने वाले गिरोह का पदार्फाश

**देश का दर्पण न्यूज**
संजीव नैन पुलिस उपायुका जयपुर पूर्व, ने बताया कि पुलिस थाना खोह नागोरियान पर दिनांक 16.03.2025 को परिवादिया श्रीमती रुनिका दत्ता पत्नी श्री नरेंद्र नाथ दत्ता कुमार 38 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी 1ँ 333 इंदिरा गांधी नगर पुलिस थाना खोह नागोरियान द्वारा रिपोर्ट पेश की गयी, मेरे पति नरेंद्र नाथ दत्ता कल दिनांक 20.8.25 को शाम 400 बजे वैशाल नगर के लिए अपने घर 1ँ 333 इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर से निकले थे उनके साथ दो मित्र देव कुमार सिंह, रॉकी तथा ड्राइवर योगश साथ थे। कुछ समय कल शाम को वो वापस नहीं आए तो मैंने फोन किया तो वह बंद आ रहा था उनके मित्र देव को किया उसका भी बंद कर ड्राइवर योगश को किया तो मोबाइल बंद आया तो मुझे टेंशन हुई रात भर हम मोबाइल मिलाते रहे लेकिन कोई भी मोबाइल चालू नहीं हुआ आज प्रातः 920 पर उनका मोबाइल से मेरे पास फोन आया कि मेरा अपरहण हो गया है आप रुपयो की व्यवस्था करो नहीं तो यह मुझे मार देंगे और पुलिस में भी नहीं जाना नहीं तो परेशान हो जाएगी उनका फोन व्हाट्सएप पर ही आता है प्राप्त परिवादी की रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 497/2025 धारा 140(3), 308(2) इठर में दर्ज किया जाकर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपीगणों की दस्तयाबी व वारदात के खुलासे हेतू श्री आशाराम चौधरी (प्द्धर) अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व के सुपरवीजन में श्री आदित्य पूनियाँ (प्द्धर) साहयक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर जिला जयपुर पूर्व के निर्देशन में श्री ओमप्रकाश मातवा पुनि थानाधिकारी पुलिस थाना खोह नागोरियान जिला जयपुर पूर्व के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठीत टीम द्वारा घटना की गंभीरत आरोपीगण की दस्तायाबी हेतू घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज चैक किये जाकर प्रकरण में आरोपीयो की दस्तायाबी बाबत टीम द्वारा संदिग्धो के आधार पर गौतम पुत्र श्री शकर शमी उम्र 36 साल जाति ब्राहमण निवासी मकान नम्बर 46 मोती नगर पंजाब नेशनल बैंक के पास, झोटवाडा पुलिस थाना झोटवाडा जिला जयपुर 02 कनक गांगुली पुत्र स्व. श्री पार्थव गांगुली उम्र 32 साल जाति ब्राहमण निवासी मकान नम्बर 22 रमाकांता लेन पुलिस थाना मानिकटोला कलकत्ता (पश्चिम बंगाल) हाल किरायेदार मकान नम्बर 01 एच 333 इंदिरा गांधी नगर पुलिस थाना खोह नागोरियान जिला जयपुर पूर्व, को दस्तयाब किया जाकर प्रकरण में गिरफतार किया गया।

## पुलिस थाना भट्टाबस्ती जयपुर उत्तर की बडी कार्यवाही, 09 नाबालिग बच्चों को लाख की चूडियां बनवाने के बालश्रम से कराया गया मुक्त

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमान पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) थी करण शर्मा जाई. पी. एस. ने बताया कि श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सिविल राईटस एंव एएचटी) राजस्थान जयपुर द्वारा चलाई जा रहे अभियान "उमंग ॥।" के अन्तर्गत बाल अम, बंधुवा मजदूरी एंव मानव दुव्यार्पार के उन्मूलन एंव पुनर्वास हेतु निरन्तर प्रयास के तहत श्री बंजरग सिह अति. पुलित्त उपायुक्त अयपुर उत्तर द्वितीय एवं श्री शिवरतन गोदारा सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर जयपुर उत्तर के निदेर्शानुसार बाना भट्टाबस्ती पर थानाधिकारी श्री हरिबोम सिह उ. नि के नेतृत्व में श्री महेन्द्र सिंह उ.नि मय टीम व श्री सईद खान समन्वयक प्रयास बेएसी सोसायटी जयपुर द्वारा कार्यवाही करते हुये 09 बाल श्रमिक दस्तयाब किये व प्रकरण संख्या 261/2025 धारा 143 (5), 127(4), 146 इठर 2023 व 75, 79 किशोर न्याय एवं बालकों की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 व 3/14 बालश्रम प्रतिषेध विनिमयन अधिनियम-1986 व 16, 17, 18 बंधित श्रम पद्धति एवं (उत्सादन) अधिनियम 1976 वर्ज कर प्रकरण हाजा में आरोपी समसुदीन की तलाश जारी है।
आरोपी अलग अलग राज्यों से गरीब तबको के बच्चो को उनके माता पिता के पास से पढाई करवाने व घूमाने के बहाने लेकर आते तथा वहां लाकर उन बच्चों से चूडी कारखाने मे चूडी बनाने का बालश्रम करवाते थे। चूडी कारखाने पर बच्चों से 12 से 14 घंटे भगातार काम कराना बऔर बहुत ही कम उम्र के मासूम बच्चों पर अत्याचार करना तया चाने खिलाने व उनके माता पिता से बात न कराना मे बनियमितता करना भी अनुसंधान से ज्ञात हुआ है। अधिक समय काम करने व अनियमित रुप खाना खिलाने से बच्चे कुपोष्ण के शिकार हो रहे है। प्रकरण में दस्तयाब बाल धमिको को बाल सरंक्षण गृह में दाखिल करवाया गया है। प्रकरण हाजा में आरोपी समसुदीन की तलाश व अनुसंधान जारी है।

# आंतेर माता मन्दिर भोपावस से चांदी के छत्रों की चोरी की वारदात को ट्रेस आउट कर एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 30.08.2025 को परिवादी महन्त श्री किशोर भट्टाचार्य पुत्र श्री महन्त शिवप्रकाश भट्टाचार्य जाति ब्राह्मण उम्र 50 साल निवासी भोपावास आंतेर माता मन्दिर के पास थाना सामोद जिला जयपुर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की, कि मैं आंतेर माता मन्दिर के महन्त हूं एव सहपरिवार मन्दिर में निवास करता हूं। दिनांक 29.08.2025 को शाम 07.00 बजे जब मैं आरती कर रहा था तब मुझे माताजी की पोशाक पर लगे तीन छत्र नही दिखे। जो चांदी के थे। मैने आरती के बाद




सीसीटीवी कैमरा दिखवाया तो पता चला कि दिनांक 28.08.2025 को सांय 06.37 से 06.41 बीच एक आदमी जो कि चेहरे पर कपडा बांध रखा था चांदी का छत्र उतारते हुए दिख रहा है। उक्त समस्त चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गयी है। मन्दिर के उस समय पट खुले थे। आदि रिपोर्ट पर पुलिस थाना सामोद पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

पुलिस कार्यवाही विवरणः प्रकरण में अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व पुलिस उप अधीक्षक गोविन्दगढ श्री राजेश जांगिड के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी सामोद नरेश कंवर उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा आरोपीगणो की पहचान कर मुख्य अभियुक्त मोहनलाल सैनी को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त से वारदात में शामिल अन्य आरोपियों व अन्य वारदातो के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

## भांकरोटा थाना क्षेत्र में केशोपुरा स्थित गोपाल जी के मन्दिर से मूर्ति व छत्र चोरी की वारदात का पदार्फाश

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) श्री हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि दिनांक 02/09/2025 को भांकरोटा पर परिवादी पं. रामस्वरुप शर्मा ने थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दी की गांव में ही लगभग 400 वर्षों से भी अधिक पुराना मन्दिर मे से मुर्तिया, चांदी के छत्र अलमारी में रखे नगद 85000 रुपये को रात में लगभग 12.47 दिनांक 2.9.25 को अज्ञात चोर मन्दिर के मुख्य दरवाजे के उपर कांच के सीसे को तोडकर उपरोक्त सभी सामान एवं मुतियो को चोरी करके ले गये जाते जाते कृष्ण जी की मुर्ति को बाहर छोडकर चले गये सभी सम्पुर्ण सोने चांदी के छत्र व नगद राशि को लेकर चले गये सुबह जब मैने मन्दिर की पूजा अर्चना करने हेतु गया तो देखा कि अज्ञात चोरो द्वारा मन्दिर मे चोरी की है। अत रिपोर्ट दर्ज कर निवेदन है कि रिपोर्ट दर्जकर मन्दिर मे चोरी करने वाले व्यक्तियो को ढुंढ कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानुनी कार्यवाही करे। जिस पर मुकदमा नम्बर 248/2025 धारा 305 (डी), 331 (4) भारतीय न्याय संहिता 2023 में पुलिस थाना भांकरोटा



जयपुर पश्चिम में दर्ज की गई। मंदिर काफी पुराना होने के कारण आसपास के लोगों की धार्मिक भावनाएं मंदिर से जुड़ी हुई थी। चोरी के अगले दिन जलझूलनी एकादशी होने से मंदिर के ठाकुर जी नगर भ्रमण का दिन तय होता है।
चोरों का इस प्रकार से मंदिर से मूर्तियां व छत्र चोरी करके ले जाना के बाद आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए चोरों जल्द ही पकड़ कर मूर्तियां बरामद करने की चुनौती सामने थी। जिसपर मामले की गंभीरता को देखते हुयें श्री आलोक सिंघल अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के निकट सुपरविजन में श्री हेमेन्द्र शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त बगरू निर्देशन में श्रीम मनीष गुप्ता थानाधिकारी पुलिस थाना भोंकरोटा, श्री सुरेन्द्र सिंह उनि पुलिस थाना भांकरोटा के नेतृत्व में डीएसटी व श्री दिनेश शर्मा तकनीकी शाखा जयपुर पश्चिम की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम को उचित दिशा निर्देश प्रदान कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसपर टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी कुन्दन सिह पुत्र श्री रामप्रसाद 2 अनिल पुत्र श्री नत्थी लाल, 3 रघुवीर सिंह पुत्र श्री केवल सिह, 4 हाकिम सिंह पुत्र श्री रामदयाल को दस्तयाब कर बाद पुछताछ मुकदमा हाजा मे गिरफतार किया गया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता की माताजी स्व.सत्यवती गुप्ता के निधन पर व्यक्त किया शोक



**जयपुर, 03 सितंबर 2025।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता की पूज्य माता श्रीमती सत्यवती देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राठौड़ मालवीय नगर स्थित अणु विभा केंद्र में आयोजित शोक सभा में पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर राठौड़ ने ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक की इस घड़ी में परिजनों को यह असहनीय पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## जयपुर में करणी सेना जिलाध्यक्ष कोमल चौहान का जन्मदिन: फल वितरण और सामाजिक संदेशों के साथ मनाया गया समारोह

**अजय सिंह (चिंटू)**
**जयपुर –**
राष्ट्रीय करणी सेना महिला विंग जयपुर शहर की जिलाध्यक्ष कोमल चौहान का जन्मदिवस समाजसेवा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने केक काटकर कोमल चौहान को शुभकामनाएँ दीं और जरूरतमंदों के बीच 151 फल वितरित किए।
कार्यक्रम में उपस्थित सिटी रिपोर्टर सुनीता सैनी ने कहा कि आज महिला शक्ति को मजबूत करने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को सम्मान देना हमारी परंपरा और संस्कार का हिस्सा है। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेन्द्र सिसोदिया ने




जिलाध्यक्ष कोमल चौहान का मुँह मीठा करवा कर आशीर्वाद और शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर कोमल चौहान ने माँ करणी के चरणों में ढोक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि करणी सेना महिला विंग समाज में महिलाओं की शक्ति और सम्मान को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

## डॉ आदित्य प्रकाश जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा सभी मास्टर प्रशिक्षक को संबोधित किया गया

**सीवान संवाददाता**
**मसरूर अहमद**



**सिवान, 03 सितंबर 2025** बुधवार को मास्टर प्रशिक्षक के प्रशिक्षण सत्र के द्वितीय दिन डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश के द्वारा सभी मास्टर प्रशिक्षकों को संबोधित किया गया।
इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषाग, सिवान, एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बसंतपुर उपस्थित रहें।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, सिवान के द्वारा अपने सम्बोधन में मास्टर प्रशिक्षकों को हौसला अफजाई करते हुए कहा गया कि वे अपने द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण सत्र में प्रक्रियात्मक प्रशिक्षण दें।
साथ ही त्रुटिरहित चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदान पदाधिकारीगण, मतगणना पदाधिकारियों,माइक्रो ऑब्जर्वर एवं सेक्टर पदाधिकारी को सम्यक एवं प्रभावी **प्रशिक्षण दें।**

## सिवान में सम्पन्न हुई सांगा यात्रा : सांसद राजीव प्रताप रुडी ने कहा, "समाज को चाहिए अपना गारंटर और पोस्टर बॉय"

**सीवान संवाददाता**
**मसरूर अहमद**



**सिवान, 03 सितम्बर 2025** को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण सांसद श्री राजीव प्रताप रुडी की सांगा यात्रा आज सिवान जिले में संपन्न हुई। यात्रा का आगाज एकमा से हुआ, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। वही नागरिकों से पहली बार मिलते हुए दिखे इसके पश्चात यात्रा सिसवन पहुँची, जहाँ महाराणा प्रताप चौक पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सांसद ने शौर्य और गौरव को नमन किया तथा ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया।
इस दौरान सीवान से जदयू नेता श्री अजय सिंह, श्री कामेश्वर सिंह मुन्ना, श्री सोनू सिंह, विमल प्रताप सिंह, कामेन्द्र सिंह, बबलू सिंह, मनीष सिंह, श्री नीतेश सिंह, श्री दिलीप सिंह मुखिया, श्री अमित सिंह, श्री परमानंद सिंह, श्री अनील सिंह, राजू सिंह, श्री पवन सिंह, श्री देवेन्द्र सिंह, श्री रिंकु सिंह, श्री जटा शंकर सिंह, श्री संजय सिंह, श्री सिबु सिंह, श्री विजय सिंह, रविंदर सिंह मुखिया, सरोज सिंह राणा जी, ऋषभ सिंह, कविंदर सिंह, शैलेश सिंह, देवेंद्र सिंह मुखिया, पप्पू सिंह, चंदन सिंह और बिट्टू सिंहसहित अनेक सम्मानित जन उपस्थित थे।
सांगा यात्रा के दौरान सारण सांसद श्री रुडी का रघुनाथपुर ब्लॉक परिसर, अदमापुर संठी मोड़, कसीला मोड़ और दरौली मोड़ पर भी लोगों ने ढोल-नगाड़ों, जयघोष और परंपरागत आतिथ्य के साथ स्वागत किया। सांगा यात्रा में दोन के सेवा कुंज मैरेज हॉल और तितिरा के गौरी मैरेज हॉल में आयोजित सभाओं में सांसद श्री रुडी ने समाज के लोगों को संबोधित किया।
सिवान जिला के विभिन्न गाँवों में भव्य स्वागत और सभाएँ।

# प्राणघातक हमले के मामले में फरार चल रहे 1000 रुपए के ईनामी व टॉप-10 वांछित आरोपी साहिल को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों स्थायी वारण्टीयों, उद्घोषित अपराधियों, 335 बीएनएसएस में गिरफ्तारी वारण्टियों, ईनामी अपराधियों, सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी व हार्डकोर अपराधियों को चैक करने व उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त अधिकारियों को अभियान चलाकर अधिक से अधिक ईनामी अपराधी, स्थायी वारण्टी व अन्य वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू श्री दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी दूदू श्री मुकेश कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना दूदू पर प्राणघातक हमला करने के संबंध में दर्ज प्रकरण संख्या 77/2025 में फरार वांछित 1000 रुपए के ईनामी व टॉप-10 आरोपी साहिल खान उर्फ सोहेल पुत्र अब्दुल अजीज उर्फ अजीज मौहम्मद जाति देशवाली मुसलमान निवासी छप्या थाना दूदू जिला जयपुर की गिरफ्तारी



हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में फरार आरोपी साहिल खान उर्फ सोहेल का पता लगाकर आज दिनांक 03.09.2025 को दबिश देकर डिटेन कर पूछताछ की तो आरोपी ने वारदात में शामिल होना बताया जिस पर आरोपी साहिल खान उर्फ सोहेल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से प्रकरण में अनुसंधान किया जा रहा हैं। प्रकरण में पुलिस द्वारा पूर्व में कार्यवाही कर 06 आरोपियों हरिसिंह, गुडू उर्फ अमीरूदीन खान, शाहरूख खान उर्फ शेरू, नारायण सिंह व अरविन्द सिंह गिरफ्तार किया जा चुका है।

## एम्स की तर्ज पर जयपुर में बनेगा सुपर स्पेशियलिटी राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान

### आरयूएचएस का होगा उन्नयन, 40 एकड़ में बनेगा रिम्स -चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

**जयपुर, 3 सितम्बर।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित किया गया। इससे पहले विधेयक पर चर्चा के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) की स्थापना से राजस्थान उन्नत चिकित्सा सेवाओं में अग्रणी बनेगा और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साईसेज (आरयूएचएस) का उन्नयन कर 40 एकड़ क्षेत्र में राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की स्थापना की जाएगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की तर्ज पर रिम्स में विश्वस्तरीय और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इसकी स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा समुचित बजट प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश में अति विशिष्ट चिकित्सा उपचार को नया आयाम मिलेगा।
श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो, इसकी सुनिश्चिता की जा रही है। इसी दिशा में रिम्स अगले 2 साल में तैयार हो जाएगा। रिम्स में राजकीय योजनाओं में पात्र मरीजों को नि:शुल्क उपचार मिलेगा। इससे अन्य राजकीय चिकित्सालयों का भी भार कम होगा। रिम्स एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करेगा।
विधेयक के अनुसार, राज्य सरकार विश्वविद्यालय के घटक या उसके द्वारा स्थापित किसी महाविद्यालय को सरकारी महाविद्यालय घोषित कर सकेगी। ऐसे में महाविद्यालय का प्रशासनिक नियंत्रण और समस्त भूमि, भवनों, प्रयोगशालाओं सहित समस्त आस्तियां राज्य सरकार में निहित होंगी।

## वन राज्य मंत्री की अगुवाई में अलवर के स्कूली बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



**जयपुर, 3 सितम्बर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी की पहल पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा की अगुवाई में अलवर के स्कूली बच्चों ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही को देखकर विधानसभा की कार्यप्रणाली व संसदीय परंपराओं को समझा।

इस दौरान श्री देवनानी ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने पीतल वाले ऐतिहासिक गेट पर विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी और वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा के साथ सामूहिक फोटो लिए। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर के लिए विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने बताया कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं तथा आने वाले समय में बच्चों पर ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने का दारोमदार है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से महसूस कर सके, इसके लिए चिनार स्कूल के विद्यार्थियों के दल को लोकतंत्र के मंदिर का भ्रमण कराया गया है, जहां बच्चों ने पक्ष और विपक्ष के बीच हो रही बहस, प्रश्नकाल और सीटिंग एरेंजमेंट को देखा। इस दौरान बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विधानसभा की कार्यवाही को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां आकर विधानसभा में जनहित के मुद्दों पर होने वाली बहस, विधायकों की भूमिका और लोकतंत्र की महत्वता के बारे में गहनता से जानने का अवसर मिला है।

## जयपुर में संपन्न हुई राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट 2025 की स्टेकहोल्डर्स' मीट



**जयपुर**
फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और राजस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 2025 की पाँचवे संस्करण की स्टेकहोल्डर्सह्ल मीट का भव्य आयोजन आईटीसी राजपूताना, जयपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव तथा राजस्थान पर्यटन विभाग, आयुक्त रूक्मणि रियार रहे कार्यक्रम में अपूर्व कुमार, पूर्व अध्यक्ष, एफएचटीआर कुलदीप सिंह चंदेला, अध्यक्ष, एफएचटीआर, सुरेन्द्र एस. शाहपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एफएचटीआर, सीए वीरेंद्र एस. शेखावत, महासचिव, एफएचटीआर आदि गणमान्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े अनेक विशेषज्ञों, इंडस्ट्री लीडर्स और संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2025 की दिशा, स्वरूप और पर्यटन उद्योग के लिए इसके महत्व पर चर्चा हुई।आरडीटीएम के पिछले संस्करण में 240 से अधिक राष्ट्रीय बायर्स और 280 राजस्थान-आधारित सेलर्स ने भाग लिया था। इस दौरान 7,000 से अधिक बी2बी मीटिंग्स आयोजित की गईं, जिससे होटल बुकिंग्स, क्यूरेटेड अनुभवों और डेस्टिनेशन वेडिंग्स के लिए कई प्रभावशाली लीड्स प्राप्त हुईं। इस मंच ने राज्य के पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देने में अपनी प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से सिद्ध की है।

## रालोद के सांसद व विधायक बाढ़ राहत कोष में देंगे एक माह का वेतन

**लखनऊ / ब्यूरो।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय व शिक्षा जयंत चौधरी ने बुधवार को देश में बाढ़ के हालातों को देखते हुए एक बड़ा कदम बढ़ाया है। जयंत चौधरी ने पार्टी के सांसद और विधायकों से अपना एक माह का वेतन बाढ़ राहत कोष में देने की सराहनीय पहल की है।

## राधा-अष्टमी पर 'मेरा यशोदा, तेरा कन्हैया - सीजन 2' : प्रथम कदम फाउंडेशन ने दिया सांस्कृतिक धमाका

**अजय सिंह (चिंटू)**
**जयपुर**
प्रथम कदम फाउंडेशन द्वारा प्रतिष्ठा बैंक्वेट हाल में ह्लमेरा यशोदा, तेरा कन्हैया झ्र सीजन 2ह्व नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम राधा अष्टमी पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने राधा-कृष्ण और यशोदा-मां के रूप में भूमिका निभाई, जहाँ कृष्ण लीला, यशोदा की अठखेलियाँ और कृष्ण-राधा की प्रेम लीला जैसे नृत्य और संगीत प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। साथ ही भक्तिगीतों ने आध्यात्मिक रस को और भी जीवंत कर दिया।
इस आयोजन में डॉ. पीयूष शाह (फाउंडर एंड डायरेक्टर) और कविता पंजवानी (फाउंडर डायरेक्टर) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने इस शाम को और खास बनाने हेतु:
एस्ट्रोलॉजर सुरभि गुप्ता को ब्रांड एंबेसडर, डॉ. भूमिका को ब्रांड आइकॉन, वर्षा सहगल को ब्रांड जूरी, तथा शिवानी सिंह को शो स्टॉपर का खिताब प्रदान किया।



कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से चार चांद लगा दिए, जिनमें शामिल थे विकास जैन (एमडी, जे.के. मसाले), मनोज मुद्गल (चेयरमैन, अतिक्रमण निरोधक नगर निगम), मनीषा सिंह, वीरेश गुप्ता, डायरेक्टर, सुभाष गोयल, जे.डी. माहेश्वरी, रीमा शाह, अंशु शर्मा, रेशमा खान, स्नेह लता भारद्वाज, मनप्रीत तनेजा, मीना श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, कृष कुमार, आदित्य शर्मा, मनोज पुनवानी, शिवम अग्रवाल, दीपेन्द्र सिंह, मोहित अग्रवाल, रोहित शर्मा, महेश बब्बर, गिनी मेकओवर, जया रमेश, अकबर खान, डॉ. विनोद शाह, विक्रम सिंह तोमर, और दीपक वर्मा।
इस तरह, "प्रथम कदम फाउंडेशन" ने न केवल सांस्कृतिक रंग दिखाया, वरन करिश्माई प्रस्तुतियों और भव्य अतिथियों के साथ सामूहिकता का एक सुंदर उदाहरण पेश किया। फाउंडेशन ने आशा जताई कि आगे भी ऐसी सामाजिक-सांस्कृतिक पहलें नियमित रूप से की जाएँगी।

## शिक्षक दिवस 2025 के अवसर पर प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स अवार्ड के चौदहवां संस्करण का होगा भव्य आयोजन

**जयपुर**
थार सर्वोदय संस्थान , सिम्पली जयपुर और रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट के तत्वाधान में शिक्षकों के सम्मान में प्रिंसीपल्स एंड टीचर्स अवार्ड 2025 के चौदहवां संस्करण का आयोजन शनिवार 6 सितम्बर को शाम 5 बजे से रंगायन - जवाहर कला केंद्र में किया जाएगा कार्यक्रम के आयोजक थार सर्वोदय संस्थान की ट्रस्टी अंशु हर्ष एवं रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट के ट्रस्टी सुधीर माथुर ने बताया की " इस वर्ष कुछ ऐसे शिक्षकों का सम्मान भी करा जायेगा जिन्होंने अपना जीवन नयी पीढ़ी को ज्ञान देने मे समर्पित किया "



माला माथुर मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड इन एजुकेशन" शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत और उपलब्धि का सम्मान है।इस वर्ग में 6 लोगो को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड इन एजुकेशन से सम्मान किया जायेगा। इस केटेगरी में प्रोफेसर एन. डी. माथुर , डॉ. कान्ता आहूजा , प्रोफेसर सुधा राय , प्रो. मिनी नंदा , श्रीमती पिंकी सिंह , डॉ. अजीत कुमार जैन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मान किया जाएगा वहीं आयोजक सोमेंद्र हर्ष ने बताया इस वर्ष के सम्मान समारोह में राजस्थान के जयपुर के अलावा जोधपुर, अजमेर, बाड़मेर, सिरोही, पाली और जालोर से लगभग 43 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दिल्ली, लखनऊ, गुजरात और जम्मू-कश्मीर से लगभग 37 शिक्षकों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए राहत कोष में 5-5 करोड़ रुपये की सहायता एक सराहनीय और मानवीय कदम : हनुमान वर्मा



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब और जम्मू-कश्मीर में हाल ही में आई भीषण बाढ़ की त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए एक मानवीय और भाईचारे से भरा कदम उठाया है। उन्होंने हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष से पंजाब और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री राहत कोष में 5-5 करोड़ रुपये की सहायता राशि भेजने का निर्णय लिया है। इस नेक पहल की वरिष्ठ नेता हनुमान वर्मा ने हृदय से सराहना की है और इसे एक ऐतिहासिक और मार्मिक कदम बताया है। वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह कदम न केवल हरियाणा की उदारता और संवेदनशीलता को दशार्ता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि आपदा के समय में मानवता और भाईचारा ही सर्वोपरि है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में बाढ़ से प्रभावित हमारे भाइयों और बहनों के लिए यह सहायता राशि न केवल त्वरित राहत प्रदान करेगी, बल्कि दोनों राज्यों के बीच सदियों पुराने भाईचारे को और मजबूत करेगी। हनुमान वर्मा ने कहा कि पंजाब हरियाणा का बड़ा भाई है, और बड़े भाई की इस संकट की घड़ी में मदद करना हरियाणा की सांस्कृतिक और नैतिक परंपरा का प्रतीक है। नायब सिंह सैनी ने इस नेक कार्य से न केवल हरियाणा की जनता का दिल जीता है, बल्कि पूरे देश के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने बताया कि यह सहायता राशि पंजाब और जम्मू-कश्मीर में राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी और उनके जीवन को पुनर्जनन की दिशा में प्रेरित किया जा सकेगा। सैनी ने स्पष्ट किया है कि हरियाणा सरकार और प्रदेश की जनता इस कठिन समय में अपने पड़ोसी राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और भविष्य में भी हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। वर्मा ने अपने बयान में जोर देते हुए कहा कि यह कदम सिर्फ आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एकता, संवेदनशीलता और मानवता का संदेश है। नायब सिंह सैनी ने यह साबित कर दिया है कि सच्चा नेतृत्व वही है जो संकट के समय में दूसरों के दुख-दर्द को अपना समझे और उनकी मदद के लिए तत्पर रहे। वर्मा ने कहा हरियाणा सरकार का यह प्रयास न केवल प्रभावित राज्यों के लिए एक उम्मीद की किरण है, बल्कि यह देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणा है कि आपदा के समय में एकजुटता और सहायता ही सबसे बड़ा बल है। वर्मा ने हरियाणा की जनता से अपील करते हुए कि वे भी इस नेक कार्य में अपना योगदान दें और बाढ़ प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदनशीलता को व्यक्त करें।

## अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा गश्त चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त मयंक सिंह चंदेल पुत्र स्व० राजेश सिंह चंदेल निवासी ग्राम खागा थाना खागा जनपद फतेहपुर हालपता ग्राम सिहवल थाना व जनपद कौशाम्बी को जयंतीपुर शराब ठेके के पास से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा त्रिलोकी नाथ पांडेय ने बताया कि तमंचा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल ने गणेश पूजा में शामिल होकर किया पूजा अर्चना

**नवाबगंज।** मंगलवार को उठगी व कौड़िहार में चल रहे गणेश पूजन कार्यक्रम में पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल ने पहुंचकर गणेश पूजन किया तथा उन्होंने गणेश भगवान की आरती उतारी और प्रसाद भी ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि प्रथम पूज्य भगवान शिव जी के पुत्र भगवान गणेश की कृपा सब पर बनी रहे। यहां पर विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, निर्मला पटेल,मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, चंद्रिका पटेल,हरि मंगल गिरी, प्रिंस गिरी, गौरी मिश्रा, महेंद्र पांडेय,ग्राम प्रधान हरिओम, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजू पाल, सुरेन्द्र पटेल, जंगी लाल मौर्या,आदि मौजूद रहे।



कौड़िहार में पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा राजू पाल ने पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्या व मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी का अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया।

## सपा महिला सभा की कार्यकताओं ने भाजपा विधायक केतकी सिंह के आवास का किया घेराव

**लखनऊ / ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की दर्जनों कार्यकताओं ने बुधवार को गुलिस्ता कालोनी स्थित भाजपा विधायक केतकी सिंह के आवास का घेराव किया। हाथ में टोटी लेकर पहुंची महिला सभा की महिलाओं ने केतकी सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के समय विधायक केतकी सिंह अपने क्षेत्र में हैं।

## डीएम ने की आकांक्षात्मक विकास खण्डों की इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा

**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उदयन सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्डों की इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा की।




जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय इंडिकेटर्स में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को सीएम युवा उद्यमी योजना तथा जिला उद्यान अधिकारी को पी.एम.एफ.एम.ई. योजना में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति दीपावली के पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाय।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ऊर्जा राज्य मंत्री श्री हीरालाल नागर ने स्मार्ट मीटर को लेकर

### कांग्रेस को दिखाया आईना

**जयपुर, 3 सितम्बर 2025।** ऊर्जा राज्यमंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 21 मार्च 2022 को कैबिनेट से अनुमोदन के बाद आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू हुई। कांग्रेस के कार्यकाल में ही 16 जनवरी 2023 को एएमआईएसपी (एडवांस मीटरिंग इन्फ्रार्स्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर) की नियुक्ति हेतु निविदाएं जारी की गई। इसके तहत निविदाओं में मीटर की आपूर्ति, स्थापना, संधारण और संचालन जैसे कार्यों की योजना भी बनाई गई।
ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उनके कार्यकाल में ही आरडीएसएस योजना के तहत उपभोक्ता प्रीपेड स्मार्ट मीटर एवं सिस्टम मीटरिंग के लिए अनुमोदित एक्शन प्लान डीपीआर को लेकर 28 मार्च 2022 को भारत सरकार के आरईसीएल से स्वीकृति प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जयपुर डिस्कॉम ने वर्ष 2020-21 में 39678, 2021-22 में 310000, 2022-23 में 56501 स्मार्ट मीटर लगाए गए।

## 2 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत देर रात्रि में थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 02 शातिर अभियुक्त आमिर पुत्र तसलीम निवासी मौ0 इकबाल नगर हापुड चुंगी थाना लोहिया नगर जनपद मेरठ।

## स्कूटी सवार को रोडवेज बस ने कुचला मौके पर मौत

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी महमूदपुर गांव के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस ने स्कूटी सवार को कुचल दिया है जिससे स्कूटी सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई बढ़ती भीड़ देखकर बस का चालक रोडवेज बस को सड़क पर खड़े करके मौके से फरार हो गया है मामले की सूचना थाना पुलिस और युवक के परिजनों को दी गई जानकारी मिलते ही युवक के परिजन भी रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गए हैं ।

## प्रयागराज : शादी के तीसरे दिन करंट की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित मेजा थाना क्षेत्र के तेदुआवन कला गांव के पास बुधवार सुबह रास्ते में अचानक टूटकर गिरे विद्युत तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।
अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर जंग बहादुर यादव ने बुधवार को बताया कि मेजा थाना क्षेत्र के तेंदुआवन कला गांव निवासी विकास (26) बुधवार सुबह घर से किसी काम से मोटरसाइकिल लेकर निकला। रास्ते में अचानक एक बबूल का पेड़ विद्युत तार पर गिरा। पेड़ के साथ तार भी टूटकर नीचे गिरा। उसमें प्रवाहित करंट की चपेट में आकर विकास की मौत हो गई हैं।
सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। परिवार के लोगों ने बताया कि वह खेती करके किसी तरह भरण पोषण करता था। तीन दिन पूर्व उसकी शादी हुई थी। विकास चार भाइयों में सबसे छोटा था।

## राज्य सरकार की योजनाओं के केन्द्र में किसानों का सशक्तीकरण

**जयपुर, 3 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हमारी योजनाएं और नीतियां किसानों का सर्वांगीण विकास करने के साथ-साथ विकसित राजस्थान-2047 की यात्रा में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित कर रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी बजटीय घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करें जिससे किसानों और पशुपालकों को धरातल पर उनका लाभ मिल सके।
श्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी तथा गोपालन विभाग की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि को रोजगारोन्मुखी व्यवसाय बनाने के दृष्टिगत दूरगामी निर्णय ले रही है। श्री शर्मा ने कृषि में उन्नत तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के साथ ही किसानों के लिए सुविधाओं एवं सेवाओं में द्रुतगति से विस्तार के लिए विशेष निर्देश दिए।

**कस्टम हायरिंग सेंटर्स का हो व्यापक प्रचार-प्रसार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों को उचित दर पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में 1 हजार कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इन सेंटर्स के संचालन के लिए एफपीओ को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, जीएसएस, केवीएसएस और पंचायत द्वारा भी संचालन की जिम्मेदारी पर भी विचार किया जाए। उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना से पूर्व अन्य राज्यों के मॉडल का परीक्षण करने और श्रेष्ठ मॉडल को लागू करने के लिए निर्देशित भी किया। साथ ही, इन सेंटर्स के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें।



**ई-मण्डी प्लेटफॉर्म से किसान की बाजार तक होगी सुगम पहुंच**

श्री शर्मा ने कहा कि किसानों के खेत से ही फसल की सीधी खरीद और उसे तत्परता से विक्रय करने के लिए ई-मण्डी प्लेटफॉर्म का नवाचार किया जा रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उनका आर्थिक रूप से सशक्तीकरण होगा।
उन्होंने अधिकारियों को पंचायत स्तर पर ई-मण्डी प्लेटफॉर्म में फसल के भण्डारण के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों के प्रभावी संचालन और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के क्रम में आवश्यक कदम उठाने के लिए भी निर्देश दिए।

**ग्राम-2026 के सफल आयोजन के लिए बनाएं कार्ययोजना**

मुख्यमंत्री ने ग्लोबल राजस्थान एग्री टेक मीट (ग्राम)-2026 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में कृषि शासन सचिव को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार मिलेट्स को प्रोत्साहन देने के लिए ह्यश्री अन्न प्रमोशन एजेन्सीह्ण की स्थापना कर रही है। उन्होंने ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने और बैलों से खेती करवाए जाने पर प्रोत्साहन राशि दिए जाने के संबंध में भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## गैराज में लगी आग, आठ कारें जली



**गौतम बुद्ध नगर।** जिले में थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के सेक्टर 63 अंतर्गत एक कार गैराज में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारण से आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की आठ गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।
मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बुधवार को बताया कि जे-14 सेक्टर 63 में विपुल मोटर्स के नाम से मोटर गैराज है। यहां पर मारुति कंपनी की गाड़ियों की सर्विस व रिपेयर होती हैं। बीती रात मंगलवार करीब डेढ़ बजे गैराज में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। इस आग में वहां खड़ी आठ कारें पूरी तरह से जल गई, साथ ही लाखों रुपए कीमत का सामान भी जलकर राख हो गया।
सीएफओ ने बताया कि आग पर दमकल की आठ गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया।

# खाना बनाते समय इन गलतियों को करने से बचें, नहीं बिगड़ेगा स्वाद



खाना बनाना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. कहा जाता है कि अगर मन से और स्वाद लेकर खाना खाया जाए, यह शरीर को लगता है. कई लोग खाना बहुत स्वादिष्ट बनाते हैं, लेकिन कुछ लोग जितनी भी कोशिश कर लें स्वाद बेहतर नहीं हो पाता है. दरअसल इसके पीछे खाना बनाने से जुड़ी कुछ गलतियां भी हो सकती हैं. इसलिए खाना बनाते समय इन गलतियों को करने से बचना चाहिए.

खाना बनाना एक कला है. एक ही मसाले और सब्जियों से लोग अलग-अलग तरह के डिशेज बनाई जाती हैं और इसमें हर किसी से बनी सब्जी का स्वाद अलग होता है. यह सब्जी में बनाए जाने वाले मसालों और कई चीजों का उपयोग किया जाता है. किसी के हाथ का खाना बहुत स्वादिष्ट लगता है. दरअसल स्वाद डिश को बनाने की विधि पर भी निर्भर करता है. खाना बनाते समय की गई कुछ छोटी गलतियों के कारण स्वाद पूरी तरह से बिगड़ सकता है, जिससे उस डिश को खाने का मन नहीं करती है.अक्सर लोग जल्दबाजी या फिर ध्यान ने देने के कारण ऐसी चूक कर बैठते हैं, जो पूरी तरह से खाने के स्वाद को बिगाड़ देता है और पकवान का मजा किरकिरा कर देते है. चाहे फिर आपको खाना बनाना आता हो या नहीं. लेकिन खाना बनाते समय आपको इन गलतियों को करने से बचना चाहिए. इससे आपकी मेहनत और समय दोनों बेकार न जाएं. आइए जानें खाने बनाते समय की जानी वाली कुछ आम गलतियां, जिनसे आपको हमेशा बचना चाहिए.

मसालों को बिना भूनें डालना

कई लोग सब्जी या दाल बनाते समय सीधा उसमें मसाले डाल देते हैं, लेकिन बिना भुने हुए मसालों का स्वाद कच्चा और तीखा लगता है. इसलिए पहले धनिया, जीरा, हल्दी, गरम मसाला और दूसरे मसालों को हल्का-सा तेल में भूनें. इससे उनका स्वाद और खुशबू दोनों सही बनी रहती है. इससे डिश का स्वाद भी दोगुना होता है.

तेल की मात्रा पर ध्यान न देना

खाना बनाते समय मसालों के साथ तेल की मात्रा का ध्यान रखना बहुत जरूरी है. यह न सिर्फ डिश को अनहेल्दी बनाता है बल्कि इससे स्वाद और टेक्सचर पर भी असर पड़ता है. बहुत ज्यादा तेल डालने से खाना हैवी और अनहेल्दी हो जाता है, जबकि बहुत कम तेल में मसाले जल सकते हैं और स्वाद खराब हो सकता है. इसलिए हर सब्जी का क्वांटिटी के मुताबिक ही उसमें तेल डालना चाहिए.

सही आंच पर ध्यान न देना

गैस का सीधा असर खाने के टेक्सचर और स्वाद पर पड़ता है जैसे कि जब आप प्याज भूनते हैं, तो उसे धीमी आंच पर सुनहरा होने तक भूनना चाहिए. अगर आंच तेज होगी, तो सब्जी जल सकती है और कड़वी लगने लग सकती है. इसी तरह, रोटियां तेज आंच पर जल सकती हैं और धीमी आंच पर कच्ची या सख्त रह सकती है. इसलिए आंच को जरूरत के मुताबिक रखें.

ताजा सामग्री का उपयोग न करना

बासी या पुरानी सामग्री का उपयोग करने से स्वाद पूरी तरह से खराब हो सकता है. सब्जी, मसाले, दाल और दूध सभी की क्वालिटी पर ध्यान दें. रोजाना या दूसरे दिन सब्जी और दूध खरीदें. इसके साथ हर महीने मसाले और दाल खरीदें. साथ बारिश या नमी के मौसम में ध्यान रखें कि दालों या सब्जियों में कीड़े न लगे हो.

# शहरी जीवन की चुनौती : जन-स्वास्थ्य, पशु कल्याण और संतुलित सह-अस्तित्व

**सुप्रीम कोर्ट ने किसी याचिका पर नहीं, बल्कि अपने स्तर परस्वत: संज्ञान लिया। वजह थी दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या, इनके काटने की घटनाओं और रेबीज़ जैसी घातक बीमारी से मौतों में इज़ाफा**

समस्या के समाधान के लिए संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। जन-सुरक्षा और पशु-कल्याण को एक साथ साधना असंभव नहीं है। इसके लिए कुछ ठोस कदम जैसे नगर निगमों को पर्याप्त फंड, स्टाफ और उपकरण देकर आवारा पशुओं की नसबंदी और टीकाकरण उठाने होंगे, बड़े निजी संस्थानों, एनजीओ और पशु कल्याण संगठनों को इस कार्य में शामिल किया जाए।सुप्रीम कोर्ट ने किसी याचिका पर नहीं, बल्कि अपने स्तर परस्वत– संज्ञान लिया। वजह थी दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या, इनके काटने की घटनाओं और रेबीज़ जैसी घातक बीमारी से मौतों में इज़ाफा। अदालत के सामने रखे गए आंकड़े चौंकाने वाले थे–2024 में देशभर में 37 लाख से अधिक कुत्ता काटने के मामले दर्ज हुए, दिल्ली में रोज़ औसतन 2000 घटनाएं, और वैश्विक रेबीज़ मौतों में भारत की हिस्सेदारी 36प्रतिशत। सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह के अन्दर जो फैसला सुनाया उस पर दो मत उभरे–एक, इसे जनता के लिए राहतकारी मानने वाला; दूसरा, इसे बेजुबानों पर क्रूरता कहने वाला।शहरी और ग्रामीण भारत में केवल आवारा कु त्ते ही नहीं, बल्कि आवारा गाय, भैंस, बकरी, सुअर, बंदर, यहां तक कि मधुमक्खियों और कबूतरों तक ने जनजीवन को प्रभावित किया है। शहरों में गाय और भैंस सड़क पर बैठकर यातायात बाधित करती हैं। अचानक बीच सड़क पर दौड़ पड़ना, वाहनों से टकराना, या कूड़े के ढेर से प्लास्टिक खाना, यह आम दृश्य है। ग्रामीण इलाकों में खेतों में घुसकर फसल चौपट करने की समस्या भी गंभीर है। मधुमक्खियां एक ओर परागण और पर्यावरण के लिए जरूरी हैं, लेकिन कभी-कभी झुंड बनाकर बाजार, स्कूल या सरकारी दफ्तर में घुस आती हैं और डंक मारने से गंभीर हादसे हो जाते हैं। कबूतर बालकनियों, छतों और सरकारी इमारतों में स्थायी ठिकाना बना चुके हैं। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, भोपाल और जयपुर जैसे शहरों में कबूतरों की बढ़ी हुई संख्या अब उनकी पहचान बन गई है। इनका मल न केवल इमारतों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि दमा, एलर्जी और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का कारण भी बनता है।गाय, भैंस और कुत्ते तो सभ्यता के आरंभ से ही मनुष्य के साथी रहे हैं, पर कबूतरों का योगदान भी उल्लेखनीय है। माना जाता है कि 776 ईसा पूर्व में पहले ओलंपिक के परिणाम और नेपोलियन की वाटरलू में हार की खबर



सबसे पहले कबूतरों ने ही पहुंचाई थी। भारत में अकबर के समय वे संदेशवाहक और कबूतरबाजी मनोरंजन दोनों के साधन थे, और आधुनिक फिल्मों में भी उनकी इसी क्षमता पर कई गीत रचे गए हैं।

ये सभी समस्याएं वर्षों से हैं, लेकिन इन्हें हल करने के बजाय हमने सहने की आदत डाल ली है–जब तक कोई हादसा न हो, तब तक व्यवस्था %सक्रिय' नहीं होती। सुप्रीम कोर्ट का कुत्तों पर स्वत– संज्ञान स्वागतयोग्य है, लेकिन सवाल है–क्या बाकी समस्याएं कम गंभीर हैं?न्यायपालिका का यह दायित्व है कि वह नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करे, लेकिन जब ऐसे मुद्दों पर अदालत को स्वत– संज्ञान लेना पड़ता है, तो यह कहीं न कहीं कार्यपालिका की निष्क्रियता का संकेत भी है। जन-स्वास्थ्य और जन-सुरक्षा के मुद्दे पर प्राथमिक जिम्मेदारी नगर निगम, राज्य सरकार और केंद्र सरकार की है। कुत्तों का मामला लें–क़ानून पहले से मौजूद हैं। एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स के तहत नगर निकायों को आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और पुनर्वास करना है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नसबंदी की दर बेहद कम है। प्रशिक्षित कर्मचारियों और पशु चिकित्सकों की कमी है। शेल्टर होम सीमित हैं और उनमें भी अक्सर उचित देखभाल के संसाधन नहीं। फंड की कमी और भ्रष्टाचार के कारण योजनाएं अधूरी रह जाती हैं। यही स्थिति आवारा गाय-भैंस और कबूतर नियंत्रण के प्रयासों में भी है।हमारे समाज में पशुओं के प्रति गहरी भावनात्मक और धार्मिक संवेदनाएं जुड़ी हैं। गाय को माता का दर्जा दिया जाता है, कबूतरों को दाना डालना पुण्य का कार्य माना जाता है, कुत्ते को वफादारी का प्रतीक समझा जाता है। मधुमक्खी शहद और परागण के लिए उपयोगी मानी जाती है। लेकिन जब भावनाएं व्यावहारिकता पर हावी हो जाती हैं, तो समस्याएं बढ़ने लगती हैं। उदाहरण के लिए–आवारा गायों को गौशालाओं में रखने के लिए पर्याप्त भूमि और संसाधन नहीं जुटाए जाते। कुत्तों को पकड़ने और नसबंदी करने की कोशिशों का विरोध स्थानीय स्तर पर हो जाता है। कबूतरों को दाना डालने की परंपरा के कारण उनकी संख्या असंतुलित रूप से बढ़ जाती है।समस्या के समाधान के लिए संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। जन-सुरक्षा और पशु-कल्याण को एक साथ साधना असंभव नहीं है। इसके लिए कुछ ठोस कदम जैसे नगर निगमों को पर्याप्त फंड, स्टाफ और उपकरण देकर आवारा पशुओं की नसबंदी और टीकाकरण उठाने होंगे, बड़े निजी संस्थानों, एनजीओ और पशु कल्याण संगठनों को इस कार्य में शामिल किया जाए। लोगों को समझाया जाए कि बिना योजना के पशुओं को भोजन कराना उनके लिए भी हानिकारक हो सकता है। गाय, कुत्ते, भैंस, कबूतर– सभी के लिए प्रजाति-विशेष आश्रयस्थल बनाए जाएं। मधुमक्खियों या अन्य अचानक उत्पन्न होने वाली पशु-समस्याओं के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल हों, जो सुरक्षित तरीके से उन्हें हटाए या नियंत्रित करे।बढ़ती पर्यावरण जागरूकता के साथ सह-अस्तित्व की आवश्यकता और स्पष्ट हो रही है, क्योंकि पशु भी हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। उनका अस्तित्व न केवल नैतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि व्यावहारिक दृष्टि से भी–मधुमक्खियां, गाय-भैंस ग्रामीण अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं, कुत्ते गार्ड और साथी हो सकते हैं, कबूतर भी जैव विविधता में योगदान करते हैं। लेकिन यह सह-अस्तित्व संतुलित होना चाहिए। जब किसी प्रजाति की बढ़ोतरी मानव और अन्य जीवों के लिए खतरा बने, तो उसका नियंत्रण जरूरी है।अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी का मानना था कि मनुष्यों को हानि पहुंचाने वाले सर्पों और बंदरों के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई हिंसा नहीं है। यह नियंत्रण विज्ञान, नीति और समुदाय की सहभागिता से आना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट का स्वत– संज्ञान एक चेतावनी है–कि हम समस्याओं को तब तक टालते हैं जब तक वे अदालत के दरवाजे तक न पहुंच जाएं। चाहे आवारा कुत्ते, सड़क पर गाय-भैंस, बालकनियों के कबूतर या उड़ते मधुमक्खियां–ये सब हमारी साझा जिम्मेदारी हैं। समाधान तभी संभव है जब सरकार, कार्यपालिका, न्यायपालिका, पशुपालक, और आम जनता सब मिलकर काम करें। हमें यह तय करना होगा कि हम केवल भावनाओं के आधार पर प्रतिक्रिया देंगे या विवेक और व्यावहारिकता के आधार पर निर्णय लेंगे। क्योंकि अंतत:, एक ऐसा शहर ही आदर्श है जहां इंसान न डर में जिए, न पशु भूख और असुरक्षा में। सह-अस्तित्व का अर्थ यही है–सम्मान और संतुलन, न कि टकराव और असहजता।

संपादकीय

## तुरंत मदद जरूरी

कई दशकों की सबसे बड़ी विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी झेल रहे पंजाब में जन-धन की व्यापक क्षति हुई है। खेतों में खड़ी फसलें ही नष्ट नहीं हुई हैं बल्कि खेतों की उर्वरता की भी हानि हुई है। लेकिन जिस गति से उत्तर भारतीय राज्यों को बाढ़ ने अपनी चपेट में लिया है, उसको लेकर राहत की तत्काल प्रतिक्रिया केंद्र सरकार की तरफ से नजर नहीं आती। फिलहाल पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विनाशकारी बाढ़ की चपेट में हैं। विनाशकारी बाढ़ ने व्यापक पैमाने पर फसलों को तबाह किया, घरों को तहस-नहस किया, पशु धन की बर्बादी हुई है और बाढ़ के पानी ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तहस-नहस कर दिया है। इस आसमानी आफत के सामने लोग लाचार व असहाय नजर आ रहे हैं। नागरिक इस संकट के वक्त में शासन से जिस सहानुभूति और निर्णायक मदद की कार्रवाई की उम्मीद कर रहे थे, उसके बजाय नौकरशाही की सुस्ती और नाममात्र की घोषणाओं ने उन्हें निराश किया है। इस संकट की घड़ी में वे तंत्र की



काहिली बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं है कि पंजाब पहले ही कृषि संकट से जूझ रहा था। लेकिन बाढ़ की तबाही ने उसके बड़े उपजाऊ क्षेत्र के संकट को और गंभीर बना दिया है। किसानों को अब सामान्य स्थिति बहाल करने में सालों लग जाएंगे। इसी तरह हिमाचल लगातार दूसरे वर्ष भी अतिवृष्टि जनित व्यापक तबाही की मार झेल रहा है। आपदाग्रस्त हिमाचल में सड़कों का ताना-बाना बिखर गया है। बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि ने व्यापक जन-धन की हानि की है। राज्य अभी बीते वर्ष की आपदा के जख्मों से उबरा नहीं था कि इस साल अतिवृष्टि ने भयावह तबाही का मंजर पैदा कर दिया। तमाम इलाकों से भूस्खलन और तबाही की खबरें आ रही हैं। राज्य ढहे पुलों और फंसे पर्यटकों के संकट से जूझ रहा है। इससे इस संवेदनशील पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ गई है।इसी तरह हरियाणा के अनेक गांव मुख्य भू-भाग से कट गए हैं। सड़कें नष्ट हुई हैं और मवेशी बह गए हैं। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाओं और बाढ़ ने व्यापक जन-धन की हानि की है। बाढ़ ने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया है। जिसके चलते राज्य का नाजुक सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना बिगड़ गया है। केंद्र सरकार आपदा राहत की अनुग्रह राशि के चेक देकर और राहत से जुड़े बयानों तक सीमित नहीं रह सकती। इन राज्यों में विनाश के स्तर को देखते हुए तत्काल और ठोस हस्तक्षेप करने की जरूरत है। वक्त की मांग है कि इन क्षेत्रों के लिये विशेष राहत पैकेज की घोषणा हो। आपदा राहत निधि का त्वरित वितरण किया जाए।

इसके साथ ही जरूरी है कि पीड़ित परिवारों को तुरंत सीधा वित्तीय हस्तांतरण किया जाए। यदि समय रहते ऐसे कदम नहीं उठाए जाते तो जनाकांक्षाओं के साथ छल ही होगा। केंद्र सरकार को राज्य पर सिर्फ जिम्मेदारी थोपते हुए ऋष्ठा को केंद्रीयकृत करने की अपनी प्रवृत्ति को त्यागना होगा। बाढ़ से बेहाल हुए पंजाब को राहत देने के लिये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के बकाया साठ हजार करोड़ रुपये की मांग की है। निस्संदेह, जब पंजाब बाढ़ के गंभीर संकट से जूझ रहा है तो केंद्र से तत्काल सहायता पाना उसका हक बनता है। इसके साथ ही यहां यह भी जरूरी है कि केंद्र व राज्य सरकार आपस में संवादहीनता की स्थिति को खत्म करें।

# आरएसएस : दोरंगी चाल के सौ साल

**आरएसएस के सरसंघचालक, मोहन भागवत ने हाल के दिल्ली के अपने तीन दिन के व्याख्यान के आखिरी दिन, सवालों के जवाब के बहाने से मथुरा और काशी के मंदिर-मस्जिद विवाद के सिलसिले में जो कुछ कहा, संघ की दोरंगी चाल का शास्त्रीय उदाहरण है**

याद दिला दें कि अयोध्या मामले में अदालती फैसले के बाद आरएसएस की ओर से बार-बार यह कहा गया था कि वह अब और ऐसे किसी आंदोलन को समर्थन नहीं देगा। इसके बावजूद, पिछले साल के दौरान न सिर्फ आरएसएस समर्थित ग्रुपों/ व्यक्तियों ने काशी और मथुरा के विवादों को बहुत बढ़ा दिया था, बल्कि पिछले साल के आखिरी तथा इस साल के शुरू के महीनों में संभल की शाही मस्जिद से लेकर, अजमेर शरीफ की दरगाह तक, आधा दर्जन से ज्यादा मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर %नये विवाद% छेड़े जा चुके थे, जो तब तक सुर्खियों में बने रहे, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने उन पर अंकुश नहीं लगा दिया।आरएसएस के सरसंघचालक, मोहन भागवत ने हाल के दिल्ली के अपने तीन दिन के व्याख्यान के आखिरी दिन, सवालों के जवाब के बहाने से मथुरा और काशी के मंदिर-मस्जिद विवाद के सिलसिले में जो कुछ कहा, संघ की दोरंगी चाल का शास्त्रीय उदाहरण है। भागवत ने अयोध्या, मथुरा और काशी के प्रसंगों को आपस में जोड़ते हुए, चार बातें कहीं, जिनमें ऊपर से देखने पर अंतर्विरोध दिखाई देता है, हालांकि जैसा कि हम आगे देखेंगे, यह वास्तविक अंतर्विरोध नहीं बल्कि आरएसएस की दोरंगी चाल का ही मामला है।भागवत ने पहली बात यह कही कि आरएसएस ने, अयोध्या में राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद में, मस्जिद की जगह पर ही मंदिर बनाने के आंदोलन में हिस्सा लिया था। उन्होंने न सिर्फ इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने दावा किया बल्कि आंदोलन को शीर्ष तक लेकर जाने% जाने का भी दावा किया। इशारा इस आंदोलन को, अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह पर ही राम मंदिर निर्माण में कामयाबी तक पहुंचाने की ओर था।भागवत ने दूसरी बात यह कही कि आरएसएस का आंदोलन में उतरना अयोध्या प्रकरण के लिए ही था। अब काशी और मथुरा प्रकरणों में आरएसएस, आंदोलन में नहीं उतरेगा। लेकिन, इसके बाद उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं की दुहाई देकर, न सिर्फ काशी तथा मथुरा में मस्जिदों पर हिंदू-दावेदारियों का अनुमोदन कर दिया बल्कि यह कहकर इन मस्जिदों को भी मंदिरों में तब्दील करने के आंदोलनों के लिए आरएसएस के समर्थन के दरवाजे खोलने का भी ऐलान कर दिया कि हिंदू होने के नाते आरएसएस के स्वयंसेवक और उसके साथ जुड़े संगठन भी, इन आंदोलनों में शामिल हो सकते हैं। यही भागवत की तीसरी बात थी, जिसका आशय यह है कि आरएसएस, औपचारिक रूप से तो इन आंदोलनों की अगुआई नहीं करेगा, लेकिन उसकी सेनाएं इन आंदोलनों में हिस्सा लेने के लिए स्वतंत्र होंगी।भागवत सामान्य रूप से अब काशी तथा मथुरा की मस्जिदों के मंदिरों में परिवर्तन की मांग के आंदोलनों के लिए, आरएसएस की कतारों के लिए दरवाजे खोलने पर ही नहीं रुक गए। उन्होंने मुसलमानों के सामने, हिंदुओं के आग्रह को देखते हुए, इन दोनों मस्जिदों पर अपना दावा छोड़ देने की मांग भी रख दी। और यह मांग की जा रही थी, भाईचारे की खातिर! मुसलमानों से कहा जा रहा था कि कुल तीन धार्मिक स्थलों का ही तो सवाल है, भाईचारे की खातिर कम से कम इतनी कुर्बानी तो वे दे ही सकते हैं! यह मांग तो बिल्कुल उचित या रीजनेबल है। जैसे इस मांग के रीजनेबल होने की ही पुष्टि करने के लिए, भागवत ने इसी सिलसिले में अपनी चौथी बात कही–हर जगह मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजने की हमें जरूरत नहीं है। यह आखिरी बात, संघ प्रमुख पहले भी एक से ज्यादा मौकों पर कह चुके थे और उसे ही एक बार और दोहरा रहे थे।एक ही विषय में और एक साथ कही गयीं, आरएसएस के मुखिया की उक्त चार बातों को जोड़कर देखा जाए तो क्या अर्थ निकलता है? क्या यह कि राम मंदिर के आंदोलन के विपरीत, काशी की ज्ञानवापी और मथुरा की ईदगाह मस्जिद के मामले में, आरएसएस आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेगा, जैसी कि कई दैनिकों तथा समाचार चैनलों ने सुर्खी लगायी है। बेशक, प्रकटत– यह कहा जा रहा था, लेकिन इसके साथ ही कुछ और भी कहा जा रहा था, जो इसका विरोधी अर्थ दे रहा था। यह स्पष्ट किया जा रहा था कि आरएसएस की सेनाएं उक्त मस्जिदों को मंदिरों में तब्दील करने के आंदोलनों में शामिल होंगी। इतना ही नहीं, आरएसएस की ओर से उक्त आंदोलनों को न सिर्फ उचित ठहराया जा रहा था बल्कि मुसलमानों को ही समझाया जा रहा था कि



उनका उक्त धार्मिक स्थलों पर अपना दावा छोड़ देना ही उचित या रीजनेबल होगा।इस तरह, आरएसएस मुखिया एक ही सांस में एक साथ, मुस्लिमों के धार्मिक स्थलों पर, हिंदू दावेदारी के आंदोलनों से, अयोध्या आंदोलन के बाद खुद को अलग रखने का भी ऐलान कर रहे थे और ऐसे हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक आंदोलनों को उचित ठहराने से लेकर, आरएसएस के स्वयंसेवकों के उनमें हिस्सा लेने तक का अनुमोदन भी कर रहे थे। दूसरे शब्दों में आरएसएस प्रकटत– दिखावा तो इसका कर रहा था कि अयोध्या प्रकरण बहुत हुआ, अब वह इस तरह के बहुसंक्रयकवादी सांप्रदायिक आंदोलनों का हिस्सा नहीं बनेगा, जिनसे समाज में विभाजन बढ़ता है। पर वास्तविक व्यवहार में वह इन्हीं बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक आंदोलनों को बढ़ावा देने के रास्ते पर चल रहा था।वास्तव में यही दोरंगापन, उनके यह कहने के भी पीछे देखा जा सकता है कि, हरेक मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजने की जरूरत नहीं है! भागवत अगर हरेक मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजने की प्रवृत्ति को सचमुच देश और समाज के लिए नुकसानदेह मानते होते, तो उन्हें धार्मिक स्थल कानून के पालन का समर्थन करने से किस ने रोका था, जो अयोध्या मामले को छोड़कर, अन्य धार्मिक स्थलों को लेकर ठीक ऐसी ही मांगों पर रोक लगाने के लिए, बनाया गया था और बाकायदा देश का वैध कानून है। सच्चाई यह है कि भागवत और उनके संगठन के इस तरह के बयान, अपनी मूल भूमिका को बनाए रखते हुए, आम लोगों के बीच, जिनका अभी उस हद तक सांप्रदायीकरण नहीं किया जा सका है, स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए दिखावे के लिए ही होते हैं और उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना जा सकता है।याद दिला दें कि अयोध्या मामले में अदालती फैसले के बाद आरएसएस की ओर से बार-बार यह कहा गया था कि वह अब और ऐसे किसी आंदोलन को समर्थन नहीं देगा। इसके बावजूद, पिछले साल के दौरान न सिर्फ आरएसएस समर्थित ग्रुपों/ व्यक्तियों ने काशी और मथुरा के विवादों को बहुत बढ़ा दिया था, बल्कि पिछले साल के आखिरी तथा इस साल के शुरू के महीनों में संभल की शाही मस्जिद से लेकर, अजमेर शरीफ की दरगाह तक, आधा दर्जन से ज्यादा मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर %नये विवाद छेड़े जा चुके थे, जो तब तक सुर्खियों में बने रहे, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने उन पर अंकुश नहीं लगा दिया। ये सारे नये विवाद% आरएसएस प्रमुख के यह कहने के बाद छेड़े गए थे कि हरेक मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजने की जरूरत नहीं है।

यह दोरंगापन, जिसे आरएसएस की स्थापना के सौ साल होने के मौके पर आयोजित अपने विशेष समारोही और प्रचाराकांक्षी व्याक्रयान में भागवत ने एक प्रकार से प्रमुखता से प्रदर्शित किया है, इस सौ साल की यात्रा में आरएसएस की मुख्य पहचान ही बना रहा है। सभी जानते हैं कि सौ साल पहले, जब आरएसएस की स्थापना हुई थी, उसके पीछे असली मकसद हिंदू-जागरण के नाम पर, सामाजिक रूप से ऊंचे तबकों के पीछे, निचले तबकों को गोलबंद करना था, ताकि मुसलमानों के खिलाफ एक प्रहारक शक्ति खड़ी की जा सके। लेकिन, आरएसएस यह काम हिंदू-राष्ट्रवाद का स्वांग धरकर करता था, जबकि उसके सारे काम, वस्तुगत रूप से भी और मनोगत रूप से भी, ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ देश में चल रही राष्ट्रवाद की प्रबल लहर के खिलाफ थे।

हैरानी की बात नहीं है कि अपनी स्थापना के बाद, देश को आजादी मिलने तक, दो दशक से ज्यादा में आरएसएस ने न सिर्फ राष्ट्रीय आंदोलन से सचेत रूप से अपने आप को अलग रखा था, उसकी पूरी ताकत राष्ट्रीय आंदोलन और उसके मुख्य आधार के रूप में हिंदू-मुस्लिम एकता को कमजोर करने पर ही लगी रही थी। और देश के आजाद होने के बाद, अपनी सांप्रदायिक विभाजनकारी मुहिम को, पूरे भारत पर काबिज होने के रूप में परवान चढ़ाने के लिए, आरएसएस के विचार परिवार के ही लोगों ने, हिंदू-मुस्लिम एकता के सबसे मुखर प्रतीक, महात्मा गांधी की हत्या कर दी।

## नहीं रहे हॉलीवुड के मशहूर एक्टर ग्राहम ग्रीन

एजेंसी

**टोरंटो।** हॉलीवुड से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। दिग्गज अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके एजेंट माइकल ग्रीन ने इस बात की पुष्टि की है। ग्राहम लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। बीते कुछ महीनों से उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी और वह कनाडा के टोरंटो स्थित एक निजी अस्पताल में उपचाररत थे। तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से न केवल उनके परिवार और चाहने वाले बल्कि पूरा हॉलीवुड शोक की लहर में डूब गया है। ग्राहम ग्रीन का फिल्मी करियर कई दशकों तक फैला रहा। हालांकि, उनके अभिनय को असली पहचान और वैश्विक स्तर पर उड़ान 1990 में मिली, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की बहुचर्चित फिल्म 'डांस विद वोल्व्स' में 'किकिंग बर्ड' का किरदार निभाया। इस फिल्म को कुल 12 ऑस्कर नामांकन मिले थे और ग्राहम को इसमें उनके दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकित किया गया था। यही वह फिल्म थी, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाई और दुनिया भर के दर्शकों के दिलों में जगह बनाई।

## दक्षिण कोरिया में छुरा घोंपने पर तीन लोगों की मौत

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर चाकू से हमला किया। घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया जहां तीनों लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गयी। दक्षिण-पश्चिमी सोल के एक रेस्टोरेंट में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:57 बजे एक व्यक्ति ने दो अन्य पुरुषों और एक महिला को छुरा घोंप दिया।गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहाँ तीनों की मौत हो गयी। हमलावर ने इसके बाद आत्महत्या का प्रयास किया। वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस का मानना है कि हमलावर ने किसी व्यावसायिक विवाद के चलते ऐसा किया है और उसके स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उससे विस्तृत पूछताछ और मामले की जांच की जायेगी।

## अमेरिका को भारत से आयात पर लगाना चाहिए शून्य टैरिफ, व्यापार नीति में बदलाव की जरूरत

**न्यूयॉर्क।** एक प्रमुख अमेरिकी विश्लेषक ने अमेरिका को भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैरिफ लगाने की सलाह दी है। यह सुझाव ऐसे समय में आया है जब कई अमेरिकी सरकार अपनी वैश्विक व्यापार नीतियों की समीक्षा कर रही है। विश्लेषक का मानना है कि भारत के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करके अमेरिका न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचा सकता है, बल्कि चीन के बढ़ते प्रभाव को भी कम कर सकता है।

**व्यापार में बदलाव का प्रस्ताव:** विश्लेषक ने कहा कि शून्य टैरिफ नीति से दोनों देशों के बीच व्यापार में भारी वृद्धि होगी। उनका तर्क है कि भारत एक बड़ा और तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है, और उसके साथ घनिष्ठ आर्थिक संबंध स्थापित करना अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। यह कदम उन उद्योगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जो वर्तमान में टैरिफ और व्यापार बाधाओं से प्रभावित हैं।

भारत-अमेरिका संबंध मजबूत करने की पहल: यह सुझाव भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। विश्लेषक ने कहा कि दोनों देश लोकतंत्र और साझा मूल्यों पर आधारित हैं। ऐसे में, व्यापार बाधाओं को हटाकर वे न केवल आर्थिक रूप से एक-दूसरे का समर्थन कर सकते हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी एक मजबूत साझेदारी बना सकते हैं।

## संदिग्ध व्यक्ति ने सांसद के हत्या की बात स्वीकार की

**कीव।** यूक्रेन के सांसद एंड्री पारुबिय के संदिग्ध हत्यारे ने हत्या की बात स्वीकार की और दावा किया कि उसने बदला लेने के लिए यह अपराध किया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन संसद के पूर्व अध्यक्ष और एक प्रमुख राष्ट्रवादी राजनेता पारुबिय की पिछले शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में एक हमले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसे सुनियोजित हमला बताया है।

पुलिस ने कल पत्रकारों को बताया कि संदिग्ध पारुबिय की मौत के लिए जिम्मेदार है। जैसा कि अदालत के अंदर के वीडियो में दिखाया गया है। पुलिस ने ल्वीव निवासी 52 वर्षीय संदिग्ध का नाम जारी नहीं किया है। संदिग्ध ने हत्या को यूक्रेनी अधिकारियों से अपना निजी बदला बताया। संदिग्ध व्यक्ति ने अदालत के अंदर पत्रकारों से कहा, हाँ, मैं मानता हूँ कि मैंने उसकी हत्या की है। साथ ही उसने उन अटकलों का खंडन किया कि उसने हत्या को अंजाम देने के लिए किसी रूसी विशेष सेवा के साथ काम किया था। संदिग्ध ने बताया कि उसने पारुबिय को क्योंकि वह पास में ही था गोली मारी। ल्वीव क्षेत्रीय अभियोजक कार्यालय ने बताया कि पारुबिय को गोली मारने के बाद संदिग्ध कथित तौर पर जंगल में भाग गया, जहाँ उसने अपने कपड़े जला दिए और अपनी साइकिल को तोड़ दिया। अभियोजक कार्यालय ने बताया कि जाँच जारी रहने तक संदिग्ध को 60 दिनों की हिरासत में भेज दिया गया है। अदालत के वीडियो में दिखाया गया है कि संदिग्ध ने पत्रकारों से आगे कहा कि वह चाहता है कि फैसला जल्दी सुनाया जाए ताकि उसे युद्धबंदियों के बदले में बदला जा सके ताकि मैं जाकर अपने बेटे का शव ढूंढ सकूँ।

## भूकंप प्रभावित प्रांतों में आ रही बचाव कार्यों में चुनौतियां, हिंदू-सिख समुदाय ने बढ़ाया मदद का हाथ

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान में आए विनाशकारी भूकंप के बाद बचाव दल को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित प्रांतों में मानवीय सहायता कार्यकर्ताओं को संचार और संपर्क की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, अफगानिस्तान में रहने वाले हिंदू और सिख समुदाय के लोगों ने भूकंप प्रभावित लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। उन्होंने पूर्वी प्रांतों में भूकंप पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है। काउंसिल ऑफ हिंदू एंड सिख माइनॉरिटीज ऑफ अफगानिस्तान के अध्यक्ष मंजीत सिंह लांबे ने स्थानीय मीडिया को बताया कि अफगानिस्तान के सिखों ने विदेशों में रहने वाले प्रवासी समुदायों और विश्व हिंदू संघ के साथ मिलकर भूकंप पीड़ितों के



लिए मानवीय सहायता भेजी है। इस तबाही का सामना करने वाले शहरों में जलालाबाद भी शामिल है, जहां सिख गुरु गुरु नानक ने दौरा किया था। इस शहर में गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार स्थित है। वर्तमान में अफगानिस्तान में रहने वाले हिंदुओं और सिखों की सटीक संख्या उपलब्ध नहीं है यूरोपीय संघ एजेंसी फॉर एसाइलम के अनुसार, 1970 के दशक में इनकी संख्या सात लाख से अधिक थी, जो 2021 के अंत तक घटकर लगभग 150 रह गई थी। सिख और हिंदू संगठन की वेबसाइट पर एक पोस्ट के अनुसार, 2019 में अब भंग हो चुके अफगानिस्तान के स्वतंत्र निर्वाचन आयोग ने देशभर में 1,105 सिख और हिंदू मतदाताओं को दर्ज किया था, जिनमें से 759 काबुल, 342 नंगरहार प्रांत और केवल चार हेलमंद में थे। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने आशंका जताई है कि भूकंप से सैकड़ों-हजारों लोग प्रभावित हो सकते हैं। रविवार को आए भूकंप के बाद पहले 24 घंटों में राहत और बचाव कार्यों तक पहुंच 'बेहद सीमित' रही। भूकंप के कारण हुए भूस्खलन और चट्टानों के गिरने से बचाव कार्य बाधित हुए। हाल की भारी बारिश के कारण पहले से ही कुछ सड़कें भूस्खलन से अवरुद्ध थीं। इसके बाद से क्षेत्र में कई झटके (आफ्टरशॉक्स) भी महसूस किए गए।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने चीनी उपराष्ट्रपति से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर चर्चा

एजेंसी

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा 'ओली' ने चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से बीजिंग के डियायुताई स्टेट गेस्टहाउस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार और सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर बैठक की। प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार डॉ. युवराज खतिवड़ा ने बताया कि बैठक के दौरान चीनी पक्ष ने द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों के विस्तार के साथ-साथ उन परियोजनाओं को बढ़ावा देने के बारे में चर्चा की जिनसे दोनों देशों को लाभ होगा।



उन्होंने कहा कि नेपाली पक्ष ने एक-चीन नीति के प्रति अपनी स्पष्ट प्रतिबद्धता दोहराई और अपने क्षेत्र को चीन के खिलाफ इस्तेमाल नहीं करने देने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ओली चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के समापन के बाद मंगलवार सुबह बीजिंग पहुंचे। प्रधानमंत्री ओली बीजिंग में फासीवाद और जापानी आक्रामकता के खिलाफ युद्ध में चीन की जीत के 80वीं वर्षगांठ समारोह में विभिन्न देशों के नेताओं के साथ सहभागी होंगे। प्रधानमंत्री ओली ने चीनी उपराष्ट्रपति हान के द्वारा विदेशी मेहमानों के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में भी सहभागी हुए।

## पाकिस्तान के क्वेटा में धमाका : 13 की मौत, 31 घायल

एजेंसी

**क्वेटा।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में हुए जोरदार विस्फोट ने दहशत फैला दी। यह धमाका बलोचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की एक रैली के तुरंत बाद हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई और 31 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शी ज़मान बलोच, जो इस घटना में घायल हुए हैं, ने बताया कि बैठक समाप्त होने के बाद वह अपने दोस्त का इंतजार कर रहे थे तभी अचानक जोरदार धमाका हुआ।

उन्होंने कहा, धमाके के बाद हर तरफ अफरातफरी मच गई, लोग जमीन पर पड़े थे और चीख़-पुकार गूंज रही थी। बीएनपी के केंद्रीय सूचना सचिव आग़ा बलोच ने बताया कि यह धमाका नवाब नियाज जेहरी के वाहन के पास हुआ। उन्होंने पुष्टि की कि इस हमले में पार्टी के कुछ निजी सुरक्षाकर्मी भी मारे गए हैं। बलोचिस्तान सरकार ने इस घटना की जांच के



आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मीर सरफ़राज बुगती ने धमाके की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'मानवता के दुश्मनों की कायराना हरकत' बताया। उन्होंने कहा, 'आतंकवादियों के नापाक इरादों को हर कीमत पर नाकाम किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार घायलों को नज़दीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और कई की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है और जांच एजेंसियां विस्फोट की प्रकृति की जांच में जुटी हैं।

## नेपाल में विदेशी नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए ट्रैकिंग सिस्टम की शुरुआत

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में विदेशी नागरिकों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नेपाल सरकार ने ट्रैकिंग प्रणाली की शुरुआत की है। विदेशी नागरिकों द्वारा धर्म परिवर्तन, मानवतस्करी जैसी अवैध गतिविधियों में शामिल होने से लेकर वीजा की अवधि से अधिक दिनों तक रहने वाले विदेशी नागरिकों पर नजर रखने में यह प्रणाली कारगर साबित होगी। गृह मंत्रालय के अंतर्गत रहे आव्रजन विभाग ने नेपाल में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों पर नजर रखने के लिए ट्रैकिंग सिस्टम की शुरुआत करने जा रही है। इसके लिए विमान से हवाई अड्डे पर आने के बाद सभी विदेशी नागरिकों को एक ऐप डाउनलोड करके उसमें अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। आवज्रन विभाग सबसे पहले इसकी शुरुआत काठमांडू से करने जा रहा है। आवज्रन विभाग के महानिदेशक रामचंद्र तिवारी ने बुधवार को घोषणा की है कि वह नेपाल में विदेशियों के प्रवेश, ठहरने और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 17 सितंबर, 2025 से विदेशी नागरिकों के पंजीकरण और ट्रैकिंग प्रणाली (एफएनआरटीएस) को लागू करेगा।



महानिदेशक तिवारी के अनुसार, इस प्रणाली को चरणों में लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया पहले चरण में, इसे 17 सितंबर से काठमांडू के भीतर सभी स्टार होटलों में लागू किया जाएगा। दूसरे चरण में, 16 नवंबर से शुरू होने वाले, इस प्रणाली का विस्तार सभी स्टार होटलों, एयरलाइनों, पर्यटन और ट्रैवल एजेंसियों, मनी एक्सचेंज तक किया जाएगा। महानिदेशक रामचंद्र तिवारी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक धीरे-धीरे अन्य होटलों, अतिथि गृहों और सेवा प्रदाताओं तक विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली को विदेशी नागरिकों के रिकॉर्ड को बनाए रखने, उनकी सुरक्षा बढ़ाने, आपात स्थितियों में खोज और बचाव कार्यों को सुविधाजनक बनाने और सुरक्षा एजेंसियों और पर्यटन हितधारकों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके साथ ही विदेशी नागरिकों द्वारा नेपाल में मानवतस्करी एवं संगठित अपराधों सहित कई गैर कानूनी गतिविधि में शामिल होने, धर्म परिवर्तन जैसे असंवैधानिक कार्य में लिप्त होने और वीजा अवधि समाप्त होने के बाद लंबे समय तक यहां छिप कर रहने वाले विदेशी नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए यह प्रणाली कारगर साबित होने वाली है।

## बीजिंग में सैन्य प्रदर्शन पर ट्रंप की टिप्पणी, चीन, रूस और उत्तर कोरिया पर लगाया साजिश का आरोप

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करने के लिए बीजिंग के थियानमेन चौक पर एक भव्य समारोह आयोजित किया, जिसमें रूस और उत्तर कोरिया के नेताओं को आमंत्रित किया गया। इस आयोजन ने वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है, विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तीखी प्रतिक्रिया के कारण। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में चीन, रूस और उत्तर कोरिया पर अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पोस्ट में लिखा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को यह याद रखना चाहिए कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने चीन को विदेशी आक्रमण से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की थी।

उन्होंने कहा कि इस युद्ध में कई



अमेरिकी सैनिकों ने अपनी जान गंवाई, और उनके बलिदान को चीन को सम्मान देना चाहिए।

ट्रंप ने यह भी उम्मीद जताई कि यह समारोह शी जिनपिंग और चीनी जनता के लिए गौरवपूर्ण होगा। साथ ही, उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को अपनी शुभकामनाएं दीं, लेकिन इसे व्यंग्यात्मक रूप से पेश करते हुए कहा कि ये तीनों देश मिलकर अमेरिका के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं।

यह आयोजन चीन की सैन्य शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव को प्रदर्शित करने का एक प्रयास माना जा रहा है।

थियानमेन चौक पर आयोजित इस समारोह में आधुनिक हथियारों, मिसाइलों और सैन्य टुकड़ियों का प्रदर्शन किया गया। रूस और उत्तर कोरिया की मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी चर्चा का विषय बना दिया। वहीं, ट्रंप की टिप्पणी ने वैश्विक कूटनीति में तनाव को बढ़ाने का काम किया है।

विश्लेषकों का मानना है कि यह आयोजन न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि यह तीनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का भी संकेत हो सकता है। इस बीच, अमेरिका ने इस आयोजन पर कड़ी नजर रखने की बात कही है।

## ट्रंप ने एलए में आव्रजन विरोध प्रदर्शनों के बीच नेशनल गार्ड को अवैध रूप से तैनात किया, जज का फैसला

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** एक अमेरिकी संघीय जज ने फैसला सुनाया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस गर्मी लॉस एंजेलिस (एलए) में आव्रजन विरोध प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती कर कानून का उल्लंघन किया। जज चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि नेशनल गार्ड की तैनाती पॉज कॉमिटेटस एक्ट का उल्लंघन है, जो अमेरिकी सेना को घरेलू कानून प्रवर्तन



गतिविधियों में शामिल होने से रोकता है। यह मामला कैलिफोर्निया सरकार ने संघीय प्रशासन के खिलाफ दायर किया था। ट्रंप प्रशासन ने दलील दी थी कि सैनिक केवल संघीय अधिकारियों की सुरक्षा कर रहे थे और किसी भी तरह की गिरफ्तारी में शामिल नहीं थे। हालांकि, अदालत ने यह स्पष्ट किया कि इस तैनाती ने कानूनी सीमा को लांघा। फिलहाल, जज ने शेष सैनिकों को तुरंत वापस बुलाने का आदेश नहीं दिया है। वहीं, कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने अपने राज्य की संघीय अदालत में मिली जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस गर्मी में लॉस एंजिल्स में ट्रम्प द्वारा नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती अवैध थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, डोनाल्ड ट्रम्प फिर हारे। अदालतें इस बात पर सहमत हैं- हमारी सड़कों का सैन्यीकरण और अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ सेना का इस्तेमाल अवैध है।

## लंदन में कदम रखते ही तमिलों ने स्नेह से मुझे गले लगा लिया : मुख्यमंत्री स्टालिन

एजेंसी

**लंदन।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन अपनी जर्मनी की यात्रा पुरी कर लंदन पहुंच गए हैं। लंदन में भारतीय मूल के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके बुधवार को इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने अपने पोस्ट में लिखा, इंग्लैंड (लंदन) में कदम रखते ही भारतीय मूल के नागरिकों और तमिलों ने स्नेह से मुझे गले लगा लिया। समुद्र पार की इस यात्रा में मुझे घर जैसी खुशबू मिली। मैं इस उत्साहपूर्ण स्वागत से बहुत प्रसन्न हूं। उन्होंने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, इंग्लैंड में कदम रखते ही मुझे गर्मजोशी और स्नेह से गले लगाया गया, ऐसा स्वागत जिसने दूर-दूर तक घर की खुशबू फैला दी। मुख्यमंत्री स्टालिन आज (3 सितंबर) को लंदन में कई निवेशकों के साथ बैठक करने



वाले हैं। वे यहां रहने वाले तमिलों के साथ भी बैठक करेंगे और उनसे तमिलनाडु में निवेश करने के लिए आग्रह करने वाले हैं। आत्मसम्मान आंदोलन की शताब्दी के उपलक्ष्य में स्टालिन 4 सितंबर को यूनाइटेड किंगडम की अपनी यात्रा के दौरान ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में आत्म-सम्मान आंदोलन और उसकी विरासत सम्मेलन 2025 को संबोधित करेंगे। वह विश्वविद्यालय परिसर में समाज सुधारक पेरियार ई.वी. रामासामी के चित्र का अनावरण भी करेंगे। इस बीच तमिलनाडु सरकार ने घोषणा की है कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व में टीएन राइजिंग इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव के तहत जर्मनी में आयोजित तमिलनाडु निवेशक सम्मेलन में 26 कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए हैं। अब हस्ताक्षरित निवेश बढ़कर 7020 करोड़ रुपये हो गया है और इससे 15,320 लोगों के लिए रोजगार का सृजन हुआ है। सरकार की ओर से बताया गया कि हस्ताक्षरित समझौते इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, एयरोस्पेस, हरित ऊर्जा और ऑटो कंपोनेंट्स सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों को कवर करते हैं, जिससे तमिलनाडु की एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थिति और मजबूत होती है।

## ईरान ने कहा- अमेरिकी मिसाइल शर्तें परमाणु वार्ता में बाधा

एजेंसी

**दुबई।** ईरान ने संकेत दिया कि अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं, लेकिन वाशिंगटन की ओर से मिसाइल कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगाने की मांग किसी भी समझौते की राह में सबसे बड़ी रुकावट है। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारिजानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'हम तर्कसंगत बातचीत चाहते हैं, लेकिन वे मिसाइल प्रतिबंध जैसी अव्यावहारिक शर्तें रखकर वार्ता को असंभव बना रहे हैं।' जून में इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले और उसके जवाब में ईरान द्वारा इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल दागने के बाद छठे दौर की परमाणु वार्ता स्थगित कर दी गई थी। पश्चिमी देशों को आशंका है कि ईरान का यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम परमाणु हथियार बनाने में इस्तेमाल हो सकता है और वह बैलिस्टिक मिसाइलें विकसित कर रहा है जो ऐसे हथियार ले जा सकें। हालांकि, ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ बिजली उत्पादन और नागरिक उपयोग के लिए है।लारिजानी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब



पिछले सप्ताह फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन (ई3) ने स्नैपबैक मैकेनिज्म शुरू किया है, जिससे संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध फिर से लागू हो सकते हैं। ई3 देशों ने ईरान से अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में शामिल होने का आग्रह किया है ताकि प्रतिबंधों को छह महीने तक टाला जा सके।

## पीएम ओली की सरकार की वैधता पर नेपाल सुप्रीम कोर्ट की फुल बेंच करेगी सुनवाई

एजेंसी

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिका पर अंतिम फैसला करने के लिए नेपाल उच्चतम न्यायालय की फुल बेंच सुनवाई करेगी। अदालत ने इस मामले से सम्बंधित दस्तावेज राष्ट्रपति भवन से मंगवाने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति तिल प्रसाद श्रेष्ठ और न्यायमूर्ति श्रीकांत पौडेल की पीठ ने उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता यज्ञमणि न्यौपाने की दलीलों के बाद मामले को प्राथमिकता देने का आदेश दिया है। इस रिट में संवैधानिक प्रावधानों के तहत विश्वास मत नहीं लेने का तर्क देते हुए ओली सरकार को अवैध घोषित करने की मांग की गई है। साथ ही अदालत ने संसद सचिवालय से ओली सरकार से संबंधित सभी दस्तावेज भी अदालत में जमा करने को कहा है। इससे पहले कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से सरकार को समर्थन देने वाले राजनीतिक दलों की वास्तविक स्थिति से संबंधित सभी दस्तावेज अदालत में जमा करने का आदेश दिया था। अधिवक्ता वीरेन्द्र केसी ने 21 अगस्त को दायर याचिका में दावा किया है कि जेएसपी नेपाल और नागरिक उनमुक्ति पार्टी जैसे दलों के समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री संवैधानिक रूप से अनिवार्य 30 दिनों के भीतर विश्वास मत साबित करने में विफल रहे, जिससे सरकार की वैधानिकता समाप्त हो गई है।

## चीन के 'विक्ट्री डे' परेड में सबसे बड़ी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन, जिनपिंग ने 'वैश्विक शांति' का किया आह्वान

एजेंसी

**बीजिंग ।** द्वितीय विश्व युद्ध में चीन ने जीत की 80वीं वर्षगांठ पर 'विक्ट्री डे परेड' के बहाने अपना सबसे बड़ा सैन्य शक्ति प्रदर्शन किया है। चीन ने हाइपरसोनिक मिसाइलों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों और मानवरहित लड़ाकू प्लेटफार्मों समेत अपनी सबसे उन्नत सैन्य तकनीक को सार्वजनिक तौर पर दिखाते हुए सैन्य परेड निकाली। इसमें 10 हजार से अधिक सैन्यकर्मी, 100 से अधिक विमान के साथ ही सैकड़ों टैंक और बख्तरबंद वाहन थे। चीन के तियानमेन में आयोजित इस कार्यक्रम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, ईरान, मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल, मालदीव, म्यांमार, इंडोनेशिया, मंगोलिया, जिम्बाब्वे और मध्य एशियाई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी मौजूद रहे।

राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मौजूदगी में परेड हुई। वैश्विक तनाव के बीच 'विक्ट्री डे परेड' के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शांति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का संदेश दिया। अपने मुख्य भाषण में शी जिनपिंग ने कहा कि यह विजय




आधुनिक काल में विदेशी आक्रमण के खिलाफ चीन की पहली पूर्ण जीत थी। जिनपिंग ने कहा, 'मानव सभ्यता के उद्धार और विश्व शांति की रक्षा में चीनी लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।' उन्होंने राष्ट्रों से 'युद्ध के मूल कारणों को समाप्त करने' और ऐतिहासिक त्रासदियों की पुनरावृत्ति को रोकने का आग्रह किया।

उन्होंने यह भी कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को चीन के कायाकल्प और आधुनिकीकरण के लिए रणनीतिक समर्थन देना चाहिए, ताकि देश 2035 तक एक पूरी तरह आधुनिक समाजवादी राष्ट्र बन सके। यह 2015 के बाद सिर्फ दूसरी बार था, जब चीन ने इस पैमाने पर 'विक्ट्री डे' पर परेड आयोजित की। परेड स्थल पर ग्रेट वॉल जैसी विशाल संरचनाएं लगाई गई थीं, जो युद्धकाल के दौरान चीनी धैर्य और संघर्ष का प्रतीक थीं। हेलीकॉप्टरों से 'न्याय की जीत', 'शांति की जीत' और 'जनता की जीत' लिखे बैनर लहराए गए, जबकि सैनिकों ने सटीक मार्च पास्ट किया। दर्शकों और युद्ध के दिग्गजों ने युद्धकाल की ऐतिहासिक सैन्य इकाइयों को समर्पित 80 स्मृति ध्वजों को भी देखा।

चीन का प्रतिरोध 1931 में शुरू हुआ था, जो मित्र राष्ट्रों में सबसे प्रारंभिक और लंबे समय तक चलने वाला था। चीन ने जापान की आधे से अधिक विदेशी सेना को घेर लिया और 3.5 करोड़ हताहत हुए, जो द्वितीय विश्व युद्ध में हुए कुल वैश्विक नुकसान का लगभग एक तिहाई था। कार्यक्रम में उन देशों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने युद्ध के दौरान चीन का समर्थन किया था, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और कनाडा शामिल हैं। इस परेड में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के तहत सेवा देने वाले चीनी शांति सैनिकों को भी शामिल किया गया, जो चीन की वैश्विक रक्षा भूमिका में बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। कांगो में सेवा दे चुके एक सैनिक ने कहा, हम पूर्वजों के खून से हासिल की गई शांति की रक्षा करने की क्षमता रखते हैं।